www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 26 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-201 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए






सुनीता नरसापुर विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस ... 02

■ किसानों के लीज बैक के निरस्त प्रकरण वापस...
■ सहकारी समितियों पर डीएपी का आभाव, किसानों ... 04

■ गजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद
■ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य-प्रगति की समीक्षा की 07

सुष्मिता के साथ काम करना प्रेरणादायक : आरुषि 10



हरियाणा सरकार | G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

"हरियाणा आज देश के उन अग्रणी राज्यों में है, जहां घर-घर पाइप से पानी की सुविधा से जुड़ चुका है। इसी तरह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में भी हरियाणा के लोगों ने बेहतरीन काम किया है। फ़िटनेस और खेल ये विषय तो हरियाणा की रगों में हैं, हरियाणा की मिट्टी में है, यहां के संस्कारों में हैं और तभी तो यहां के युवा खेल के मैदान में तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**



"हमने 9 वर्ष पूर्व अंत्योदय की भावना से जो संकल्प किये, आज उनके सफल परिणाम देखने को मिल रहे हैं। 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' और सुशासन के मूल-मंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के समान विकास को प्राथमिकता दी है और इन्हीं मूल-मंत्रों के आधार पर हम प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए सदैव कटिबद्ध हैं।"

**- मनोहर लाल**

## 9 वर्षों की यही पहचान
## विकसित हरियाणा, जन – जन का सम्मान

### संकल्प से परिणाम – 9 बड़े काम



**अंत्योदय का संकल्प**
**पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना -**
27 लाख परिवारों को
5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह मुफ्त अनाज
**बी.पी.एल.** की वार्षिक आय सीमा - ₹1.80 लाख
सामाजिक सुरक्षा पेंशन ₹2,750 मासिक

**परिवार पहचान-पत्र**
घर बैठे 45 लाख परिवारों ने उठाया
397 योजनाओं व सेवाओं का लाभ

**पीएम जन-आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत/चिरायु)**
30 लाख परिवारों को
₹5 लाख तक का सालाना **मुफ्त इलाज**

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**
जन्म के समय लिंगानुपात 871 (वर्ष 2014)
और अब सुधर कर **932** (सितम्बर, 2023)

**जल जीवन मिशन**
हर ग्रामीण घर (30.41 लाख) में पहुंचाया **नल से जल**

**सौभाग्य / म्हारा गांव, जगमग गांव**
5792 (86%) गांवों में **24x7 बिजली,**
18,99,587 नये घरेलू बिजली कनैक्शन

**पीएम किसान योजना**
19.5 लाख किसानों के खातों में ₹4,645 करोड़ का अनुदान

**मेरी फसल, मेरा ब्योरा**
12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के
₹85 हजार करोड़ सीधे स्थानांतरित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना**
गांवों में लाल डोरा के भीतर
25 लाख परिवारों को मालिकाना हक

**E-learning को बढ़ावा**
सरकारी स्कूलों के बच्चों को 5.50 लाख टेबलेट्स वितरित

राज्य का हर जिला **नेशनल हाइवे** से जुड़ा,
हिसार व अंबाला में दो नये **नागरिक हवाई अड्डे**

## सुशासन ही आधार, डबल इंजन हरियाणा सरकार

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं केंद्र

## प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी में अड़चन पैदा करने का लगाया ओराप

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली की सर्विसेज मंत्री आतिशी के साथ पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जीएनसीटीडी अमेंडमेंट बिल आने के बाद से दिल्ली सरकार के अफसरों द्वारा काम रोके जाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डीपीसीसी के चेयरमैन अश्वनी कुमार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा कराई जा रही रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी में अड़चन लगा दी है। उन्होंने दिल्ली कैबिनेट के निर्णय को पलटते हुए आईआईटी कानपुर को बकाया राशि के भुगतान पर रोक लगा दी है। इसके चलते स्टडी का काम ठप हो गया है और दिल्ली सरकार को प्रदूषण के वास्तविक स्रोतों का डाटा मिलना बंद हो गया है। बुधवार को दिल्ली सचिवालय में सर्विसेज मंत्री आतिशी के साथ साझा प्रेसवार्ता कर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने ये जानकारी दी। पयार्वरण मंत्री ने कहा कि सरकार ने आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर प्रदूषण के वास्तविक स्रोत का पता लगाने के लिए देश में पहली बार इस तरह की स्टडी



**जीएनसीटीडी अमेंडमेंट बिल आने के बाद से दिल्ली सरकार के अफसर लगातार जनहित के काम रोक रहे : आतिशी**

कराने का फैसला लिया था। स्टडी पर 12 करोड़ खर्च होने हैं। इसमें से 10.60 करोड़ आईआईटी कानपुर को दिए जा चुके हैं। सर्दियों के मौसम में बढ़ते प्रदूषण का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए इस डाटा की जरूरत थी, ताकि उचित एक्शन लिया जा सके। लेकिन अश्वनी कुमार ने संबंधित मंत्री और कैबिनेट को बिना बताए दो करोड़ दिल्लीवालों की जिंदगी से खिलवाड़ करने का निर्णय ले लिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण के विभिन्न कारणों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी करने का निर्णय लिया था। हमें मीडिया के माध्यम से पता चला है कि पिछले कुछ दिनों रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी का डाटा नहीं मिल रहा है और स्टडी बंद है। हमें सर्दियों में इस डाटा की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन स्टडी को बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली कैबिनेट ने रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी कराने का निर्णय लिया था, लेकिन डीपीसीसी के चेयरमैन अश्वनी कुमार ने स्वयं निर्णय लेते हुए स्टडी को बंद करवा दिया। स्टडी बंद करने से पहले उन्होंने संबंधित मंत्री कोई विचार-विमर्श नहीं किया और कैबिनेट के फैसले को पलट दिया। इस समय दिल्ली को इस वैज्ञानिक विश्लेषण की सबसे ज्यादा जरूरत है, ताकि वैज्ञानिक आधार पर एक्शन लिया जा सके।

### दिल्ली सरकार के डीपीसीसी ने आईआईटी कानपुर के साथ किया था एमओयू : गोपाल राय

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 जुलाई 2021 को कैबिनेट ने रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी कराने का निर्णय लिया था। 22 अक्टूबर 2021 दिल्ली सरकार के डीपीसीसी ने आईआईटी कानपुर के साथ एमओयू साइन किया था। एमओयू में ये तय किया गया था कि इस स्टडी पर करीब 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कैबिनेट ने इस बजट की मंजूरी भी दे दी थी। स्टडी शुरू करने के लिए स्टेशन में कई जरूरी मशीनों को खरीदने के लिए करीब 10.60 करोड़ रुपए आईआईटी कानपुर को जारी कर दिए गए। स्टडी की रिपोर्ट आने के बाद बची पेमेंट आईआईटी कानपुर को देना था। इसी बीच दिसंबर 2022 में अश्वनी कुमार डीपीसीसी के चेयरमैन बन गए। इससे पहले तक पर्यावरण विभाग का सेक्रेटरी ही डीपीसीसी का चेयरमैन होता था। पहली बार पर्यावरण विभाग के सेक्रेटरी की जगह अश्वनी कुमार को अलग से डीपीसीसी का चेयरमैन बनाया गया।

## सदर बाजार के व्यापारियों ने निगमायुक्त से की मुलाकात



**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार के पदाधिकारियों ने पूर्व महापौर जय प्रकाश के साथ निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती से मुलाकात की। फेडरेशन ऑफ सदर बाज़ार के अध्यक्ष राकेश यादव महामंत्री राजेंद्र शर्मा सुधीर जैन कमल सिंह योंगेदर सिंह और सचिव नितेश राजपूत सहित पदाधिकारी मौजूद थे। जय प्रकाश ने कहा की सदर बाजार दिल्ली की सबसे बड़ी मार्किट मे से एक जहां पूरे देश से लोग खरीद करने आते है और त्योहार के सीजन मे तो वैसे ही बहुत भीड रहती है लोगों को परेशान ना होना पड़े उसके मुख्य विषय रखे जैसे पार्कइंग सफाई और सभी शोचालय और फॉगिंग जय प्रकाश ने सदर बाजार की सील हुई दुकानों और मार्किट के विषय मे निगम आयुक्त ज्ञानेशा भारती जी का ध्यान दिलाया और फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश यादव जी नें सभी विषयों के बारे मे एक ज्ञापन सौपा।

## इंडिया गठबंधन में सीटों के बटवारे का मामला उलझा

### पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद होगी चर्चा

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विपक्षी दलों की ओर से यूपीए की जगह बनाए गए नए इंडिया गठबंधन में अभी सीटों के बटवारे को लेकर सहयोगी दलों के बीच कोई फॉर्मूला तय नहीं हो सका है। जिसके चलते पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में सदस्य दल एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतार दिए हैं। हालांकि सदस्य दल यह कहकर चेहरा बचा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन का गठन केवल लोकसभा चुनाव के लिए हुआ है। बता दें कि अभी मध्य प्रदेश में सीटों के बटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच तीखी बयानबाजी हुई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बटवारे का मामला पेंचीदा नजर आने लगा है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद सीटों के बटवारे को लेकर बातचीत की जाएगी। कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस बारे में कहाकि पहले पांच राज्यों का चुनाव हो जाने दीजिए, उसके बाद इंडिया गठबंधन में लोकसभा के लिए सीटों के बटवारे पर चर्चा की जाएगी। इससे यह बात साफ हो गई है कि सीटों के बटवारे पर चर्चा दिसम्बर से पहले नहीं शुरू हो पाएगी। माना जा रहा है कि कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव में बडी जीत की उम्मीद में है। इसलिए वह चाहती है कि चुनाव नतीजे आ जांय तब बातचीत शुरू किया जाय ताकि सीटों के बटवारे में उसका दावा ज्यादा मजबूत हो। खडगे ने कहा भी है कि भाजपा की नीतियों की वजह से लोग तंग आ गए है। उसने जनता से किए अपने कोई वादे पूरे नहीं किए हैं। इसी कारण चुनावी राज्यों में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है।

**सार संक्षेप**

### जनसुरक्षा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगी एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई ने ग्राम पंचायत के स्तर पर जनसुरक्षा योजनाओं के पहुंच के विस्तार के लिए एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बैंक अधिकारियों ने दो महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाई के प्रसार संबंध में भाग लिया, जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधकों को इन योजनाओं के पात्र नागरिकों को इन्हें अपनाने में मदद करने के लिए सशक्त बनाया गया। इस अभियान के अंग के रूप में, बैंक के अधिकारी, देश भर के हर जिले, हर ग्राम पंचायत और हर वार्ड में सफल शिविरों का आयोजन कर जागरूकता फैलाएंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय वित्तीय सेवा विभाग में संयुक्त सचिव एफआई प्रशांत कुमार गोयल, एसबीआई के प्रबंध निदेशक आरबी एंड ओ आलोक कुमार चौधरी उपस्थित थे।

### डिजिटल ग्रोथ के लिए भारत के एमएसएमई को बनाया जा रहा सशक्त

**नई दिल्ली।** भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों एमएसएमई को सशक्त बनाने वाले वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम में फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल से बिक्री में साल दर साल 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखने को मिली है। वॉलमार्ट सोर्सिंग के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट, जेसन फ़्रेमस्टैड ने इस उपलब्धि पर कहा कि एमएसएमई को सशक्त बनाना समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। वॉलमार्ट वृद्धि से हमने भारत में अपने पार्टनर्स से बेहतरीन लचीलापन और दृढ़ संकल्प देखा है। यह मील का पत्थर इन व्यवसायों में इनोवेशन को बढ़ावा देने और स्थायी प्रभाव पैदा करने की क्षमता में हमारे विश्वास को मजबूत करता है। हमें गर्व है कि विकास की दिशा में उनकी यात्रा में हम समर्थन कर रहे हैं। 2019 में अपनी स्थापना के बाद से, वॉलमार्ट वृद्धि ने देश भर में 40,255 एमएसएमई को सशक्त बनाया है।

### सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सैमसंग इंडिया ने अपनी युवा शिक्षा और इन्नोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो 2023 की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की। विजेता टीमों में एनआईटी सूरत, जिसने स्वीप नामक के ऑटोमेटेड बीच-क्लीनिंग रोबोट विकसित किया, स्टेमली, जिसने महिलाओं को स्टेम का चुनाव करने में मदद के लिए एक बातचीत करने वाला एआई टूल विकसित किया, और थिंक, जिसने बाहर काम करने वालों के लिए कवच नाम का एक पर्सनल कूलिंग डिवाइस बनाया है, शामिल हैं। तीनों टीमों ने अपने आइडिया को और बेहतर बनाने और उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए 1.5 करोड़ रुपए की कुल पुरस्कार राशि हासिल की।

### लड़की से बात करने पर किशोर की हत्या, तीन हिरासत में

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में महज लड़की से बात करने पर 17 साल के किशोर की चाकू से कई वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त आर्यन के रूप में हुई है। वारदात को दशहरा मेले के दौरान अंजाम दिया गया। हमले के दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। शुरुआत में लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास नहीं किया। लेकिन जब तक लोगों ने पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## सुनीता नरसापुर विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार घोषित

### केसीआर ने पार्टी सदस्यों के फैसले पर जताई खुशी



**हैदराबाद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने सुनीता लक्ष्मरेड्डी को नरसापुर विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने वर्तमान नरसापुर विधायक मदन रेड्डी के साथ उन्हें बीफॉर्म प्रदान किया। इस अवसर पर, पार्टी ने मदन रेड्डी को, जो वर्तमान में नरसापुर विधायक के रूप में कार्यरत हैं, आगामी संसदीय चुनावों में मेडक सांसद उम्मीदवार के रूप में मौका देने का फैसला किया है। पार्टी में आंतरिक समायोजन करते हुए यह निर्णय बीआरएस पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों ने लिया। इस कोर कमेटी की बैठक मुख्यमंत्री केसीआर के नेतृत्व में हुई। मुख्यमंत्री केसीआर ने बीआरएस पार्टी के प्रमुख सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए फैसले पर खुशी जताई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मदन रेड्डी एक वरिष्ठ नेता हैं जो पार्टी की शुरुआत से ही मेरे साथ रहे हैं। एक नेता के रूप में वे मेरे बहुत प्रिय हैं और 35 वर्षों से मेरे निकट संपर्क में हैं।

वह मेरे दाहिने हाथ की तरह हैं, और भाई समान हैं। पार्टी के विचारों का सम्मान करते हुए मुझे नरसापुर चुनाव जीतने की जिम्मेदारी सुनीता लक्ष्मारेड्डी के कंधों पर देते हुए खुशी हो रही है। पार्टी ने नए सांसद प्रभाकर रेड्डी की मौजूदा संसदीय सीट से मदन रेड्डी को मौका देने का फैसला किया है।



■ नई दिल्ली में चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद परिसर में बाहर निकलते कांग्रेस नेता विनीत पुनिया, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश व माणिकराव ठाकरे। फोटो इम्तियाज खान

## लोकतांत्रिक कार्य प्रणाली को नष्ट कर रही है आप : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) की अराजक कार्यप्रणाली दिल्ली नगर निगम की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को नष्ट कर रही है। महीने दर महीने पार्षदों को बैठक के एजेंडे का अध्ययन करने के अवसर से वंचित किया जा रहा है और इसलिए उचित चर्चा के बिना प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। यह बात एमसीडी में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा है कि एमसीडी अधिनियम के अनुसार एमसीडी सदन की बैठक का एजेंडा तय किया जाना चाहिए और बैठक से कम से कम 72 घंटे पहले सदस्यों को वितरित किया जाना चाहिए



लेकिन पिछले 4 से 5 महीनों से बैठक शुरू होने से ठीक पहले एजेंडा वितरित किया जाता है, जिससे एजेंडे के अध्ययन का कोई मौका नहीं मिलता है।

एमसीडी की बैठक 27 अक्टूबर को होनी है लेकिन 25 अक्टूबर तक एजेंडा सामने नहीं आया, बल्कि छपा भी नहीं है। राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि बीजेपी डीएमसी एक्ट के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताती है और मांग करती है कि एमसीडी सदन की बैठक एजेंडा वितरण के 3 दिन बाद ही आयोजित की जाए।

## मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी गिरफ्तार

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में वांछित था अपराधी

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गोलीबारी के बाद एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है, जो हरियाणा के झज्जर इलाके में पुलिस टीम पर हमले के मामले में वांछित था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान झारोदा निवासी राजा उर्फ भादक उर्फ वीरा के रूप में हुई है, जो पहले डकैती, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट उल्लंघन के 30 मामलों में शामिल पाया गया है। पुलिस के अनुसार, विशिष्ट इनपुट प्राप्त हुआ था कि एक वांछित अपराधी राजा किसी जघन्य



अपराध को अंजाम देने के लिए अरुणा आसफ अली रोड, वसंत कुंज के रास्ते गुरुग्राम जाएगा। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक पुलिस टीम ने जाल बिछाया और कटवारिया सराय की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल को रोका। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने उसे रुकने का इशारा किया। कथित व्यक्ति ने अपनी बाइक तेज कर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान, पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में और उसे पकड़ने के लिए अपराधी पर दो राउंड फायरिंग की। गोलीबारी के दौरान, राजा के दाहिने पैर में गोली लगी और पुलिस अधिकारियों ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में राजा ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह अपने दो साथियों के साथ कार में सवार होकर हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित बादली जा रहा था। विशेष सीपी ने कहा कि हरियाणा के बादली थाने की पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी।

## फेस्टिवल सीजन के दौरान अपने घर को करें अपग्रेड

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान अपने घर को आरामदायक बनाने के साथ त्योहारों को और ज्यादा उत्साहपूर्वक मनाएं। फिलिप्स, प्रेस्टीज आदि जैसे प्रसिद्ध ब्रांड्स के रोमांचक डील्स और ऑफर्स का फायदा उठाएं। अमेजन डॉट इन पर उपलब्ध विस्तृत चयन के साथ अपने घर, किचन और आउटडोर को अपग्रेड करें।

उपभोक्ता किचन और एप्लाएंसेस, होम एंड फर्नीचर और स्पोर्ट्स एंड आउटडोर्स उत्पादों पर एक्सचेंज ऑफर, शेड्यूल डिलीवरी, नो-कॉस्ट ईएमआई आदि के साथ एचडीएफसी बैंक से 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन डॉट इन पर शानदार डील्स के साथ कुछ लोकप्रिय होम, किचन और आउटडोर उत्पाद हैं। होम एंड फर्नीचर पर टॉप ऑफर्स जैसे 85 प्रतिशत तक की छूट अतिरिक्त 300 रुपए की छूट , 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का उठाएं फायदा।

**अभियान** *प्रदूषण को नियंत्रित करने को सरकार ने कसी कमर*

## रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान का आगाज आज से

**नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को बताया कि सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति बहुत ही चिंताजनक हो जाती है। ठंड के मौसम हवा कि गति कम होने तथा ठंड बढ़ने के कारण प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रम बनाकर युद्धस्तर पर प्रयास कर रही है। हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान, पराली के लिए बायो-डिकंपोजर का प्रयोग, बायोमास बर्निंग पर रोक, एंटी डस्ट अभियान के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करवाना,**

पूरी दिल्ली एंटी स्मोग गन के द्वारा पानी का छिड़काव इत्यादि अनेकों कार्य दिल्ली सरकार कर रही है। दिल्ली सरकार दिल्ली में वाहन प्रदूषण को रोकने के लिए इलेक्ट्रीक व्हीकल को बढ़ावा दे रही है। वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट की गहन चेकिंग की जा रही है। आगे हम रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को भी प्रारम्भ कर रहे हैं वाहन प्रदूषण पर इसका काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इस बार आईटीओ चौराहे से 26 अक्टूबर से इस अभियान की शुरुआत करेगें ,यह अभियान इस बार दिल्ली की जनता की भागीदारी द्वारा चलाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 28 अक्टूबर को बाराखंभा और 30 अक्टूबर को चंदगी राम अखाड़ा चौराहे पर रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान चलाया जाएगा। 2 नवंबर को को सभी 70 विधान सभा में रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान चलाया जाएगा।

■ **आईटीओ चौराहे से अभियान की होगी शुरुआत**

उन्होंने बताया कि 3 नवंबर को 2000 इको क्लब के माध्यम से रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को लेकर स्कूलों में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गोपाल राय ने बताया कि हमने 2020 में इस अभियान को शुरू किया था। इसका आधार देश के अलग-अलग हिस्से में किए गए अध्ययन को बनाया गया। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत, औद्योगिक अनुसंधान परिषद एवं केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के द्वारा 2019 में एक अध्ययन किया गया था। जिसके अनुसार रेडलाइट पर गाड़ियों के इंजन बंद न होने के कारण 9 प्रतिशत अधिक प्रदूषण फैलता है।

यह सारे जो प्रयोग हो रहे उसके पीछे के मोटा सा लॉजिक है जैसे कि मैं बार-बार कहता हूँ कि जब हम सुबह गाड़ी लेकर शहर में निकलते हैं तो शाम को घर पहुँचने तक 10 से 12 रेडलाइट से गुजरते हैं। अपनी आदत के कारण इन चौराहों पर हम अपने गाड़ी का इंजन चालू रखते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि हम 25 से 30 मिनट बेकार में ही फ्यूल बर्निंग करते हैं।

रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान का उद्देश्य यही है कि इस आदत को बदला जाए। जिससे कि लोग अपने वाहनों के इंजन को रेडलाइट पर बंद कर दें।

## त्योहारी सीजन में बुनकरों को सहयोग देने का प्रयास

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में एक कदम उठाते हुए पीसी तोतुका एंड संस और विधि सिंघानिया ने साझा रूप से काम कर रहे हैं। विधि सिंघानिया का कहना है कि हथकरघा बुनाई,उत्पादन स्वाभाविक रूप से मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्रों को समर्थन देने और हथकरघा बुनकरों,



कारीगरों, उत्पादकों के लिए व्यापक बाजार को सक्षम करने के लिए हम लगातार कम कर रहे हैं। इसी कड़ी में पीसी गोतुका एंड संस ने विधि सिंघानिया के साथ मिलकर एक खास ब्राइडल पॉप-अप इवेंट की मेजबानी की है। यह इवेंट विरासत और नवाचार का मेल है जिसमें त्योहार के मौसम के लिए खास जेवर और वस्त्र प्रदर्शित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पीसी गोतुका एंड संस की यात्रा सौ साल से भी अधिक है। उनके जेवर समय की पारंपरिक विरासत की गवाह है। विधि सिंघानिया, 25 साल पुरानी विरासत वाली ब्रांड, हाथ के बने प्रोडक्ट प्रस्तुत करती है। नई कलेक्शन रानीसा विधि सिंघानिया की लक्जरी का परिणाम है। यह बनारस और कोटा के खास धागों के साग तैयार किया गया है। इस सहयोग में लगभग 3 हजार बुनकर शामिल हैं। पीसी तोतुका एंड संस पारंपरिक कला और नवाचार का मिश्रण प्रस्तुत करती है। विधि सिंघानिया कई बुनकरों के साथ काम करती है।

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 26 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -201 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए महापौर ने किया... 04
■ किसानों के लीज बैक के निरस्त प्रकरण वापस...
■ करियर परामर्श कार्यशाला में बच्चों के सही दिशा के... 05
■ गजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद
■ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य-प्रगति की समीक्षा की 07
सुष्मिता के साथ काम करना प्रेरणादायक : आरुषि 10

## सार संक्षेप

### भारत आज से कनाडा में वीजा सेवाएं फिर से शुरू करेगा



**नई दिल्ली।** ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को कहा कि भारत ने 26 अक्टूबर से कनाडा में वीजा सेवाओं को आंशिक रूप से फिर से शुरू करने का फैसला किया है। एक महीने पहले दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध बिगड़ गए थे, जिसके चलते इस पर रोक लगा दी गई थी। उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि एंट्री, बिजनेस, मेडिकल और कॉन्फ्रेंस वीजा के लिए सेवाएं फिर से शुरू होंगी।

### केरल के वायनाड में चमगादड़ों में निपाह वायरस की पुष्टि



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड जिले में निपाह का आतंक कम होने के एक महीने बाद चिंता और बढ़ गई है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बुधवार को बताया कि पड़ोसी वायनाड जिले के चमगादड़ों पर किए गए आईसीएमआर परीक्षण पॉजिटिव निकले हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए, जॉर्ज ने बताया कि वायनाड जिले के सुल्तान बाथेरी और मनथावाडी क्षेत्रों से एकत्र किए गए चमगादड़ों के नमूनों में वायरस की पुष्टि हुई है।

### 'सीमेंट उद्योग पर एकाधिकार का खामियाजा भुगतेगा देश'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश के सीमेंट उद्योग पर अडानी समूह का एकाधिकार होने से इसमें प्रतिस्पर्धा का दौर खत्म हो गया है जिसका खामियाजा सीमेंट की भारी कीमत देकर उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा देश के सीमेंट कारोबार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र अडानी का कब्जा है। अंबुजा सीमेंट अडानी का, एसीसी अडानी का, सांघी सीमेंट्स अडानी का।

### मराठा नेता जारांगे ने फिर शुरू की भूख हड़ताल



**जालना।** मराठा नेता मनोज जारांगे-पाटिल ने कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार पर उनके समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए बुधवार को यहां भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। अपने पैतृक गांव अंतरावली-सरती में उन्होंने भूख हड़ताल शुरू की।

### छत्तीसगढ़ में 30 करोड़ की नगदी और सामग्री जब्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान तय राशि के अलावा सामग्री का परिवहन प्रतिबंधित है। जगह-जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं और वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इसी क्रम में अब तक 30 करोड़ से ज्यादा की सामग्री और नगदी बरामद की गई है।

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर समिति की हुई बैठक

# 2024 में वन नेशन, वन इलेक्शन मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद के अलावा विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे। इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया। इसमें लॉ कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी ने कहा कि एक देश एक चुनाव पर अभी रिपोर्ट तैयार नहीं है। फिलहाल रिपोर्ट पर काम चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में लॉ कमीशन ने जानकारी दी है कि वन नेशन, वन इलेक्शन को अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है। उससे पहले संविधान में संशोधन करना होगा।

- 2029 में इसको लागू किया जा सकता है
- पहले संविधान में करना होगा संशोधन

समिति की बैठक में लॉ कमीशन की ओर से पेश किया गया पूरा रोडमैप



#### लॉ कमीशन के चेयरमैन को बुलाया था

समिति ने अपनी दूसरी बैठक में इस बार लॉ कमीशन के चेयरमैन को भी शामिल होने के लिए बुलाया था। समिति जानना चाहती है कि देश में एक साथ चुनाव किस तरह से करवाए जा सकते हैं। इसलिए विधि आयोग के सुझाव और विचार जानने के लिए बुलाया गया था।

#### 2 सितम्बर को समिति बनी थी

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी बनी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर बनाए गए। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए। इस कमेटी में अधीर रंजन का भी नाम था, लेकिन उन्होंने शाह को लेटर लिखकर कहा था कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा, क्योंकि ये धोखा देने के लिए बनाई गई है।


## कांग्रेस-भाजपा ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया

5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने 25 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की। कांग्रेसी नेताओं ने छत्तीसगढ़ , तेलंगाना और मध्य प्रदेश में होने वाले चुनावों के संबंध में कई शिकायतों के साथ 8 ज्ञापन सौंपे हैं। वहीं बीजेपी ने भी प्रियंका गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है।



मोदी मंत्रिमंडल ने किया फैसला

## किसानों के लिए खाद सब्सिडी जारी रहेगी



**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत न केवल सब्सिडी को जारी रखा जाएगा, बल्कि यूरिया और डीएपी की मौजूदा कीमत में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि एक बार फिर किसान हितैषी सरकार ने निर्णय लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमत का असर देश में किसानों पर नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसके तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 22303 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतों में बढोत्तरी के बावजूद किसानों को डीएपी पुराने दर 1,350 रुपए प्रति बैग की कीमत पर मिलती रहेगी। साथ ही यूरिया के दाम भी नहीं बढ़ाए जाएंगे और एमओपी 45 रुपए प्रति बोरी कम पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि एनबीएस के तहत किसानों को खाद रियायती दाम पर मिलते रहेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के जमरानी बांध को प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना-संवर्द्धित सिचाई लाभ कार्यक्रम में शामिल करने का मंजूरी दे दी।

**यूरिया-डीएपी का नहीं बढ़ेगा दाम**

एक उच्च स्तरीय समिति ने की सिफारिश

## एनसीईआरटी की पुस्तकों में इंडिया की जगह लिखा जाएं 'भारत'

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में अब इंडिया की जगह भारत लिखा जा सकता है। एनसीईआरटी की एक उच्च स्तरीय समिति ने इंडिया के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश की है। वहीं, पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर एनसीईआरटी का कहना है कि, इन खबरों पर किसी भी प्रकार कि टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। एनसीईआरटी का कहना है कि नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें विकास की प्रक्रिया में है। इस उद्देश्य के लिए एनसीईआरटी द्वारा संबंधित विषय विशेषज्ञों के विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों को अधिसूचित किया जा रहा है। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए गठित प्रोफेसर 'सीआई आईजैक' की अध्यक्षता वाली समिति ने की थी। प्राथमिक से लेकर हाई-स्कूल स्तर तक स्कूली पाठ्यपुस्तकों में देश का नाम इंडिया नहीं, बल्कि भारत होना चाहिए। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि भारतीय इतिहास में प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक के रूप में अवधि का वर्गीकरण चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए।

**नए पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकें विकास की प्रक्रिया में**

### भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में भी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमेटी के अध्यक्ष सीआई आईजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो 7 हजार साल पुराने हैं। इंडिया नाम आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए भारत नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

राहुल के साथ साक्षात्कार में सत्यपाल मलिक बोले

## मैं लिखकर देता हूं, मोदी सरकार अब नहीं आएगी

### पूर्व राज्यपाल ने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले व अडानी समेत कई मुद्दों सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का साक्षात्कार किया है। इसमें उन्होंने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले और अडानी समेत कई मुद्दों पर बात की और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया।

इस बातचीत को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हुए लिखा, 'क्या ये संवाद ईडी-सीबीआई की भाग दौड़ बढ़ा देगा? राहुल गांधी से बातचीत के दौरान सत्यपाल मलिक ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा, 'नॉर्थ ईस्ट स्थिर था, लेकिन इन्होंने (केंद्र और राज्य सरकार) ने अशांत कर दिया। छह महीने की ओर बात है। मैं लिखकर दे रहा हूं कि ये सत्ता में नहीं आएंगे।'

अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव है। इसमें एक तरफ बीजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है तो दूसरी तरफ कांग्रेस, टीएमसी और जेडीयू सहित अन्य विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' आमने-सामने होगा।



- जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए
- मोदी सरकार ने पूलवामा का राजनीतिक इस्तेमाल किया

#### कश्मीर को जबदरस्ती ठीक नहीं कर सकते

राहुल गांधी ने पूछा कि जब आप जम्मू कश्मीर में थे तो काफी पेचीदा समय था। इस पर आपकी क्या राय है? सत्यपाल मलिक ने कहा, 'आप जम्मू कश्मीर को जबदरस्ती या सेना से ठीक नहीं कर सकते। यहां के लोगों को जीत कर आप कुछ भी कर सकते हैं। समस्या का समाधान करने के लिए पहले तो राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए है। उन्होंने आगे दावा किया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केंद्र सरकार ने शायद इस कारण दिया क्योंकि इनको लगता था कि पुलिस विद्रोह कर देगी, लेकिन पुलिस तो सरकार के प्रति वफादार रही है।

राजस्थान में प्रियंका ने दी गांरटियां

### हर गृहणी को मिलेंगे सालाना 10 हजार

**जयपुर।** प्रियंका गांधी के दौरे से पहले राजस्थान कांग्रेस ने महिला मतदाताओं को साधने के लिए बड़ा कदम उठाया हैं। कांग्रेस ने दो नई गारंटियों के जरिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश की है। पहली तो ये की महंगाई राहत कैंपों की सफलता के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में प्रत्येक गृहणी को सालाना 10 हज़ार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, गांव में रहने वाले लगभग हर परिवार को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव

## भाजपा ने शेष चार सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिए शेष चार सीटों पर काफी उहापोह के बाद अंततः बुधवार को अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। भाजपा ने बेलतरा सीट से अपने मौजूदा विधायक रजनीश सिंह के स्थान पर सुशांत शुक्ला को टिकट दी है। इसके साथ ही अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है , जो कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। वहीं बेमेतरा से दीपक साहू और कसडोल से धनीराम धींवर को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में से भाजपा ने तीन चरणों मे अपने 86 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। आज की चौथी सूची जारी किये जाने के साथ ही उसके पूरे उम्मीदवारों के नाम सामने आ चुके हैं।



- बेलतरा सीट से सुशांत शुक्ला को दिया टिकट

### कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में चार प्रत्याशी बदले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व में घोषित चार प्रत्याशियों के नाम में बदलाव करते हुए नए उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने चार विधानसभा क्षेत्र सुमावली, पिपरिया-सु, बड़नगर तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व घोषित प्रत्याशियों की जगह चार नए उम्मीदवार बनाए हैं। सुमावली में कुलदीप सिकरवार का टिकट काटकर अजब सिंह कुशवाहा को टिकट दिया गया है। पिपरिया सुरक्षित सीट से गुरुचरण खरे का टिकट काटकर वीरेंद्र वेलवंशी को नया उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने बड़नगर विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सोलंकी की जगह मुरली मोरवाल को तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र से हिम्मत श्रीमाल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को नया उम्मीदवार बनाया है।

## कश्मीर में विदेशी आतंकियों की बढ़ती संख्या ने बढ़ाई चिंता

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 25 अक्टूबर(देशबन्धु)। इस महीने की 31 तारीख को रिटायर होने जा रहे जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह के उन दावों के पीछे एक चिंता का भाव भी छिपा हुआ है। दरअसल वे कश्मीर में घाटी आतंकी हिंसा और आतंकवादी बनने के आकर्षण के कम होने के बावजूद विदेशी आतंकियों के बड़ी संख्या में एक्टिव होने से चिंतित हैं। इसे आकड़ों के माध्यम से समझते हैं। दावानुसार, कश्मीर में इस साल अभी तक 10 युवा आतंकी बने हैं। इनमें से 6 को मार गिराया जा चुका है जबकि वर्ष 2023 में कुल मरने वाले आतंकियों की संख्या 66 है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि वर्ष 2023 में 60 विदेशी आतंकी मारे गए जिनका संबंध पाकिस्तान, पाक कब्जे वाले कश्मीर और अफगानिस्तान से था। जम्मू कश्मीर के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह के अनुसार इस साल 10 स्थानीय युवा आतंकी गुटों में भर्ती हुए, इनमें से 6 आतंकियों का सफाया किया जा चुका है। जानकारी के लिए 2019 में 119 युवा आतंकी बने थे, 2020 में 167 युवाओं ने आतंक का दामन था। वर्ष 2021 में 128 और 2022 में 100 युवा आतंकी गुटों में भर्ती हुए थे। इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद आधिकारिक तौर पर पांच साल में कश्मीर में आतंकवादी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने के मामलों में 77 परसेंट तक की कमी दर्ज की गई है।

- घाटी में आतंकवादी बनने का आकर्षण हुआ कम
- कश्मीर में इस साल अभी तक 10 युवा आतंकी

फिलिस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा

## इजरायली हवाई हमलों ने छीन लीं 6546 जिंदगियां

**तेल अवीव,** 25 अक्टूबर (एजंसियां)। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि गाजा में अब तक कम से कम 6546 लोगों की मौत हो चुकी है। ये सभी लोग 7 अक्टूबर के बाद इजरायल की ओर से की गई एयरस्ट्राइक में मारे गए हैं। बीते 24 घंटों में 756 लोगों की मौत हुई है। दावा किया गया है कि मरने वालों में 2704 बच्चे हैं और 17 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं ब्रिटेन स्थित चैरिटी संगठन ऑक्सफैम ने कहा कि गाजा के इलाके में पीने का पानी लगभग खत्म हो गया है। ऑक्सफैम ने कहा कि अनुमान है कि अब प्रति व्यक्ति केवल तीन लीटर साफ पानी ही गाजा में उपलब्ध है।



तैयारी — *लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी केंद्र सरकार*

## पीएमओ ने मंत्रियों से मांगा रिपोर्ट कार्ड

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के साथ ही राजनीतिक दलों की नजरें लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई हैं। इसके लिए सभी दल अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। इस बीच भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणा पत्र पर काम शुरू कर दिया है और इसके लिए केंद्रीय मंत्रियों से उनका रिपोर्ट कार्ड मांगा गया है।**

खबरों के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सभी केंद्रीय मंत्रियो से कहा गया है कि पिछले पांच साल के दौरान उनके मंत्रालय की किस योजना से जनता को कितना लाभ हुआ। इसका विस्तृत विवरण मांगते हुए स्पष्ट कहा गया है कि सभी मंत्री अपने-अपने मंत्रालय की उन योजनाओं और उपलब्धियों की पूरी जानकारी दें, जो जनता से जुड़ी हुई है। साथ ही मंत्रालय की अलग-अलग योजनाओं से जितने लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ हुआ है,उसका पूरा आंकडा भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि जनता के हित के लिए और कौन-कौन सी नई योजनाएं लाई जा सकती हैं, प्रारूप तैयार करके इसे जल्द से जल्द भेजने को कहा गया है। माना जा रहा है कि केंद्र ने यह कदम अपनी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता के बीच फीडबैक लेने के लिए उठाया है। इसका उद्देश्य है कि सभी मंत्रालयों की जानकारी लेकर और उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने और सरकार उपलब्धियों को लेकर दपने वाली बुकलेट में शामिल करना है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को इसके लिए समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। वे सभी मंत्रियों से मिले पूरे विवरण को इकट्ठा कर पीएमओं को सौंपेगी।



- जनता से जुड़ी हुई योजनाओं और उपलब्धियों की मांगी जानकारी

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

सामग्री की व्यवस्था हो रही है जल्द शहर की सभी लाईट जलेंगी लेकिन मुख्य मार्गो का विशेष ध्यान रखना है। महापौर ने सहायक अभियंता आश कुमार को निर्देश दिए कि हर कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाए, हर वार्ड हर गली पर कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करे एवं सभी लाईट इंस्पेक्टर कर्मचारियों से रोजाना कार्य की प्रगति पता करेंगे और अपने अधिकारी को रिपोर्ट करेंगें।

**सुनीता दयाल, महापौर**

## बिना बताए अवकाश पर गए वरिष्ठ प्रबंधक का रोका वेतन, प्रबंधक को निलंबन का नोटिस



**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेप को लेकर वर्क सर्किल और जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए गए कार्यों की समीक्षा सीईओ लोकेश एम ने की। इस मौके पर उन्होंने शहर में धूल और कूड़े के प्रति जीरो टालरेंस निती पर जोर देते हुए अधिकारियों को इसी अनुसार काम करने के निर्देशत किया। ग्रेप के तहत लगाए गए जुर्माना, प्राधिकरण स्तर पर किए जा रहे कार्यों की पाइंट वार समीक्षा की।

वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा बिना पूर्व में सूचना दिए अवकाश पर जाने पर रोष व्यक्त किया। उनको प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ अग्रित आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान दिवस के अनुसार सर्किल-1 द्वारा औद्योगिक सेक्टरों में साफ-सफाई का कार्य बेहतर नहीं किया गया। सर्किल-1 के प्रबंधक को शिथिल पर्यवेक्षण व कार्यप्रणाली को देखते हुए उनके निलंबन के लिए नोटिस जारी किया जाए। इस क्रम में सर्किल-8 में समाधान दिवस के बाद एडवांट बिल्डिंग के आसपास रोड की मरम्मत और साफ-सफाई नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सीईओ ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री को निर्देश दिए कि सभी वर्क सर्किलों के कार्यालय उनके क्षेत्र में बनाए जाए। इसकी एक कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा नोएडा की अधिसूचित क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण और अनाधिकृत निर्माण पर भी रोक लगाई जाए। उन्होंने एसीईओ को एक प्रारूप बनाने को कहा जिसमें सभी वर्क सर्किल अतिक्रमण और अनाधिकृत निर्माण पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दी जाएगी। जिसकी समीक्षा की जाएगी। 1 अक्टूबर से नोएडा में ग्रेप लागू है। जिसमें अब तक 171 प्रकरण में 43 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। एफसी को निर्देश दिए कि लगाई गई पेनाल्टी व रिकवरी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए फॉगिंग कराने के निर्देश दिए।

- सभी सर्किल के अधिकारी अपने क्षेत्र में बैठे
- तैयार की जाए एक कार्य योजना

वहीं डॉग को स्टेरिलाइजेशन के कार्य काफी धीमा होने से नाराज सीईओ ने एनिमल शेल्टर संचालन करने वाली संस्था को ब्लैक लिस्ट करने के लिए कहा है। इस मौके पर शहर के कामर्शियल सेक्टरों के सौंदर्यीकरण के लिए सभी सर्किलों को कार्यायोजना तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र कंपलेक्स में किए जा रहे सौंदर्यीकरण की समीक्षा भी की।

## क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर की गई एफडी घोटाले की जांच

- प्राधिकरण ने दी थी क्लीन चिट
- पांच आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के 200 करोड़ रुपए के एफडी मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दी गई है। दरअसल, इस मामले में करीब दो महीने की जांच के बाद भी प्राधिकरण के एक भी अधिकारी की मिली भगत सामने नहीं आई। सभी को प्राधिकरण के आला अधिकारियों की ओर से क्लीन चिट दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट फाइल कर दी है।

पुलिस जांच में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें पुडुचेरी निवासी अब्दुल खादिर भी शामिल था, जिसने कथित तौर पर 12.8 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के लिए खुद को नोएडा प्राधिकरण का अधिकारी बताया था। अन्य चार आरोपी में बैंक अधिकारी (पूर्व) हैं। इन सभी पर धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले को शुरू में सेक्टर-58 पुलिस ने संभाला था। अब इस पूरे मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है।

बता दे नोएडा प्राधिकरण ने 200 करोड़ रुपए की एफडी कराने के लिए जून-2023 को सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया था। इस मामले में जालसाजी ने प्राधिकरण-बैंक अधिकारी-कर्मचारियों से मिलीभगत कर जून महीने के अंत में 3 करोड़ रुपए निकाल विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा दिए थे। इसके बाद 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन गड़बड़ी का अंदेशा होने पर यह पैसा ठगे जाने से बच गया।

इस मामले में जुलाई 2023 के पहले सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कोतवाली सेक्टर-58 में मामला दर्ज करा दिया था। इसके साथ ही प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने मामले की जांच के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर दी थी। समिति को 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इस बीच प्राधिकरण को बैंक की तरफ से पूरे 200 करोड़ रुपए मिल गए हैं।

खास बात यह है कि जो जांच 15 दिन में पूरी हो जानी चाहिए थी वह करीब दो महीने तक चली। अधिकारी जल्द जांच पूरी होने का दावा कर रहे हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने कहा था सभी के बयान हो गए है। फाइनल रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन जांच रिपोर्ट में सभी अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी गई। ये बात किसी को हजम नहीं हुई, क्योंकि इतना बड़ा घोटाला बिना प्राधिकरण अधिकारियों के मिली भगत के संभव नहीं है।

## रेरा की कंसिलिएशन फोरम ने आवंटी दिलाया इकाई पर कब्जा

- 2014 में इकाई बुक कर दिए थे 41.92 लाख
- 6 साल पर मिला कब्जा, भरपाई के लिए मिले 8.72 लाख

**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप्र. रेरा की कंसिलिएशन फोरम ने एक आवंटी की दो इकाईयों पर कब्जा दिलाया साथ ही कब्जा मिलने में हुई देरी की भरपाई भी बिल्डर से कराई। दरअसल, दीपक भाम्बरी ने यूटीसी साफटेक प्रालि. की गौतमबुद्ध नगर स्थित परियोजना यूटीसी साफटेक में अप्रैल 2014 में दो इकाई बुक कराई। एग्रीमेंट फॉर सेल के अनुसार बिल्डर को जुलाई 2017 में आवंटी को कब्जा देना था। इसके लिए आवंटी ने बिल्डर को 41 लाख 92 हजार रुपए लगभग 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया। लेकिन आवंटी को तय समय पर इकाईयों पर कब्जा नहीं दिया गया।

आवंटी ने 2022 में उप्र रेरा में शिकायत दर्ज की। सुनवाई के दौरान रेरा ने आवंटी के पक्ष में फैसला सुनाया। दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौत हुआ। इसके बाद भी बिल्डर ने रेरा के आदेश नहीं माना। आवंटी ने आदेश का कार्यान्वन सुनिश्चित करवाने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन 'आदेश का अनुपालन कराने का अनुरोध' दर्ज किया था। कंसिलिएशन फोरम ने अग्रिम सुनवाई करते हुए प्राधिकरण को अवगत हुआ कि प्रोमोटर को उक्त टावर का ओसी प्राप्त हो चुका है।

आवंटी को कब्जा देने का प्रस्ताव भी दिया था लेकिन विलम्ब अवधि के ब्याज की पुनः गणना का अनुरोध किया था। ऐसे में तय समय से छह साल बाद आवंटी को कब्जा मिला। साथ ही आवंटी को कब्जा मिलने में देरी होने पर ब्याज की राशि लगभग रुपये 8 लाख 72 हजार रुपए भी बिल्डर फर्म की ओर से दिए गए।

## सार संक्षेप

### फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान



**गाजियाबाद।** लोनी इलाके के ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार की एक फैक्ट्री में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का सामान चल कर राख हो गया। आधा दर्जन गाड़ियां को आग के बुझाने में कई घंटे का समय लगा। फायर ब्रिगेड अधिकारी में बताया कि ट्रोनिका सिटी में अग्रवाल बायोटेक के नाम से एक फैक्ट्री है । आज सुबह इस फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। शुरू-शुरू में फैक्ट्री कर में वह अन्य लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग ने रूप धारण कर लिया। इसके बाद आग लगने की सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आज को आग पर काबू पाने की कोशिश की। एक दीवार को तुड़वाकर किसी तरह घुसकर आग पर पाया गया। इस दौरान पूरे जिले की छह गाड़ियों को बुलाकर आग बुझाई जा सकी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नोएडा।** कंपनी से ड्यूटी कर घर जा रहे युवक को वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में विनय ने बताया कि उनकी बुआ के बेटे विजय निवासी मिर्जापुर मंगलवार को ड्यूटी कर परथला चौक के पास से गुजर रहा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर फेज तीन थाना पुलिस की टीम ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान वहां उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में बैठक आयोजित



**नोएडा।** समाजिक चेतना, मंच एवं ब्रहमसमाज एकता समिति के मेरठ जोन के कार्यालय, 22 नोएडा सेक्टर पर लोक सभा चुनाव, 2024 की तैयारी के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई,जिसमे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव कुंवर अमित राज दीक्षित, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बालकिशन शर्मा, यूपी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी मेरठ जोन पंडित राजेन्द्र शर्मा, यूपी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिवा पांडे, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संयोजक, सत्य देव गुप्ता, द्वारा बताया गया कि लोक सभा चुनाव 2024 में पुनह देश के यशष्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिये हमारा संगठन दृड़ संकलपित है, हमें अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022की तरह प्रत्येक परिवार से सम्पर्क स्थापित करके उत्तर प्रदेश की समस्त 80 लोक सभा सीटो पर भारी बहुमत से भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है।

## प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए महापौर ने किया मोहन नगर व वसुंधरा जोनल ऑफिस का निरीक्षण

- नई लाइटों पर हो मार्किंग, प्रत्येक कर्मचारी की हो जिम्मेदारी तय



**गाजियाबाद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रकाश व्यवस्था की बहुत समस्या हो रही है जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने मोहन नगर जोन एवं वसुंधरा जोन का निरीक्षण किया। मोहन नगर जोन में इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, गैंगमेन, पॉइंट मेन मिलाकर 29 कर्मचारी एवं वसुंधरा जोन में 23 कर्मचारी कार्य कर रहे है जिनसे महापौर ने बात की और प्रकाश व्यवस्था ठीक करने की बात कही कि जिसमें महापौर को पता चला कि सामग्री की कमी है इसलिए परेशानी हो रही है, महापौर ने कर्मचारियों से बात की और उनको बताया कि सामग्री की व्यवस्था हो रही है जल्द शहर की सभी लाईट जलेंगी लेकिन मुख्य मार्गो का विशेष ध्यान रखना है।

महापौर ने सहायक अभियंता आश कुमार को निर्देश दिए कि हर कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाए, हर वार्ड हर गली पर कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करे एवं सभी लाईट इंस्पेक्टर कर्मचारियों से रोजाना कार्य की प्रगति पता करेंगे और अपने अधिकारी को रिपोर्ट करेंगें जिओटेग फ़ोटो के साथ एवं शहर की सभी लाइटे खराब नहीं है कार्बन के कारण आय दिन लाइटे बन्द हो जाती है जल्द उपरोक्त लाइटों की नंबरिंग हो और कार्बन ठीक कर लाइटे जलवाई जाए और अब जल्द ही लाईटो पर कनेक्टर लगेगा जिससे कार्बन नहीं लगेगा और लाइट खराब नहीं होगी इसके साथ साथ शहर में जल्द नई लाइटे लगेंगी जिसकी मार्किंग की जाएगी जिससे यह पता रहे कि लाइट की वारंटी इस समय तक है और यह कंपनी वारंटी में ठीक होनी है। महापौर ने तत्काल शहर में प्रकाश व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए है शहर हित में जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।

## उद्योग बन्धु की बैठक में 39बिंदुओं पर चर्चा

- उद्योग बंधु ज्यादा से ज्यादा लगाये पेड़, पर्यावरण सुधार में करें सहयोग : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें श्रीनाथ पासवान डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज, यू.पी. सीडा, जल निगम, नगर निगम, तथा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे, एजेंडा के अनुसार 39 बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में समस्त उद्योग बंधुओ ने निगम की कार्यशैली की प्रशंसा की। उद्योग बंधुओ ने, नगर आयुक्त से सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का विषय रखा तथा प्रकाश व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों को लाइट के हुए टेंडर के विषय में अवगत कराया गया, साथ ही कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ाने के बारे में भी अवगत कराया गया, बैठक में उद्योग बंधुओ ने ग्रीन बेल्ट तथा पार्कों की स्थिति में सुधार होने पर धन्यवाद जताया।

नगर आयुक्त ने पर्यावरण सुधार को लेकर समस्त इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से आए पदाधिकारी से विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए चर्चा की गई, जिसमें समस्त उद्योग बंधुओ से अपनी-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए कहा गया, पर्यावरण सुधार पर बेहतर कार्य करने के लिए निर्णय लेते हुए पौधारोपण करने के लिए उत्साहित किया गया।निर्माण विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में 15 वित्त तथा अन्य योजना से सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया जिसकी प्रशंसा भी की गई, औद्योगिक क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को लेकर संतुष्टि दिखाई, बैठक में नगर आयुक्त ने सभी औद्योगिक क्षेत्र से टैक्स वसूली को लेकर कहा, जिनके द्वारा शत प्रतिशत टैक्स जमा कराया गया है उनकी सराहना भी की गई, बैठक में, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया व अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## दशहरा पर आरएसएस ने किया पथ संचलन, मनाया स्थापना दिवस

**बुलंदशहर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। खानपुर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी का उत्सव मनाया। विजय दशमी पर्व के साथ नगर में



पथ संचलन किया गया। जिसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में थे।साथ ही शस्त्र पूजन किया गया। मंगलवार को विजय दशमी त्योहार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर संघ के स्वयंसेवकों ने पूरे नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर खानपुर से शुरू होकर बाजार में विभिन्न धार्मिक स्थलों से बुलंदशहर बस स्टैंड और थाना खानपुर से होते हुए सरकारी अस्पताल से गुजरकर सरस्वती शिशु मंदिर खानपुर पर संपन्न हुआ। संघ के विभाग जिला प्रचारक योगेश ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजय दशमी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विजय दशमी के दिन ही संघ की स्थापना हुई थी। मुख्य वक्ता जिला सह संघचालक सुलेन्द्र सिंह व दुष्यंत लोधी खंड शारीरिक शिक्षा प्रमुख व रवि बजरंगी ने कहा कि साथ ही समाज से भगवान श्रीराम की तरह मर्यादा में रहकर शत्रुओं के नाश के लिए शस्त्र पूजन करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में विजयदशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन किया। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर से आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में स्वयंसेवकों का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान वीरपाल सिंह खंड संचालक, अजीत सिंह खंड कार्यवाहक, विकास सिंह विस्तारक, राजेश सिंह प्रधानाचार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पाँच सौ से भी अधिक लोग मौजूद रहे।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर 7 लाख ठगे

**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। साइबर ठगों ने सेक्टर 18 में रहने वाले एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 76950 रुपए की ठग लिए। उन्होंने सेक्टर 20 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में प्रेम कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति का फोन आया था। उसने खुद को सरकारी अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनका चयन आईसीडीएस में सुपरवाईजर के पद पर हुआ है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कई जगह नौकरी के लिए आवेदन किया था। इस कारण वह झांसे में आ गए। आरोपी ने झांसे में फंसा कर उनसे कई बार में 76950 रुपए ले लिए। इसके बाद उसने अपना नंबर बंद कर दिया।

**साइबर ठगों से ऐसे बचें**

- किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर हमेशा उसकी आधिकारिक वेबसाइट से लें।
- किसी वेबसाइट के यूआरएल में लाल रंग का निशान दिखाई दे तो सावधान हो जाएं।
- यूट्यूब पर किसी वीडियो में दिए गए नंबर पर कॉल ना करें। साथ ही वीडियो में बताए गए किसी भी लिंक को क्लिक न करें।
- क्रिप्टो करेंसी में निवेश जोखिम भरा है। निवेश से संबंधित मुद्रा के बारे में जानकारी ले लें।
- सरकारी विभाग के नाम से अगर कोई कॉल आता है तो उनके कहने पर कोई भुगतान ना करें।
- बिजली का बिल, केवाईसी अपडेट, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड से जुड़ी समस्याओं के लिए बैंक की शाखा या आधिकारिक नंबर पर संपर्क कर जानकारी लें।
- साइबर ठगी से संबंधित शिकायत साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल के टोल फ्री नंबर 1930 और 155260

## बच्ची से छेड़खानी मामले में सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

- पाश सोसाइटी के गार्ड रूम में की थी छेड़खानी
- ग्रुप पर वायरल होने पर मिली थी जानकारी

**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पॉश सोसाइटी में बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी गार्ड को पुलिस ने बुधवार को आरोपी सिक्योरिटी गार्ड प्रयागराज निवासी अनूप दीक्षित को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोसाइटी निवासियों ने आरोपी को पुलिस को सौंपा था। लोगों के अनुसार बच्ची किसी काम से सिक्योरिटी रूम में गई थी। इसी दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने उसके साथ छेड़खानी की थी। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी। घटना के बाद से ही बच्ची सहमी हुई है।

दरअसल 25 अक्टूबर को सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी में सिक्योरिटी रूम के अंदर वहां के गार्ड ने आठ वर्षीय मासूम के साथ छेड़खानी कर धमकाकर भगा दिया था। बच्ची जब वापस घर आई तो उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। नाराज परिजनों ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई तो उन्हें गार्ड की हरकत की जानकारी हुई। डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि शनिवार शाम को छह बजे के करीब सोसाइटी में रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची सिक्योरिटी रूम में गई थी। यहां उसने इंटरकॉम से किसी का नंबर मिलाया। नंबर नहीं लगने पर वह वहीं खड़ी हो गई। आरोप है कि यहीं पर प्रयागराज निवासी सिक्योरिटी गार्ड अनूप दीक्षित ने उसके साथ छेड़खानी की। गार्ड द्वारा बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना जब सोसाइटी के ग्रुप पर वायरल हुई तो मामले ने तूल पकड़ लिया। बच्ची के परिजन समेत अन्य लोग सेक्टर-113 थाने पहुंच गए और आरोपी सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। घटना की जानकारी रविवार को पुलिस को हुई। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि घटना के बाद वह खुद आरोपी को थाने ले गए। पुलिस ने आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया। जांच पड़ताल के बाद आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं छेड़खानी के मामले में एक और आरोपी को सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बिहार के मधुबनी के मोहम्मद जफर के रूप में हुई है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दी थी कि उसकी बेटी के साथ पड़ोसी मोहम्मद जफर ने छेड़खानी की है। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। बुधवार को मेट्रो स्टेशन के पास आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## प्राधिकरण की दो योजनाओं पर अतिरिक्त खर्च करने पड़ सकते हैं 322 करोड़

- चिल्ला एलिवेटेड के लिए सेतु निगम ने मांगे 153 करोड़
- भंगेल एलिवेटेड निर्माण के लिए 139 करोड़ अतिरिक्त खर्च करने होंगे

**नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा की दो एलिवेटड योजना का बजट अब बढ़ गया है। दोनों परियोजना को मिला ले तो अब 322 करोड़ रुपए प्राधिकरण को अतिरिक्त खर्च करने होंगे। इसमें पहली चिल्ला एलिवेटेड जिसमें सेतु निगम ने 153 करोड़ रुपए की मांग प्राधिकरण से की है। दूसरा भंगेल एलिवेटेड जिसमें 139 करोड़ रुपए प्राधिकरण को देने है। इसी योजना में दो और लूप का निर्माण होगा इसके अलग से 30 करोड़ रुपए खर्च होंगे। लूप निर्माण भी सेतू निगम ही करेगा।

**चिल्ला एलिवेटेड के लिए सेतु निगम ने मांगे 153 करोड़ , शासन को भेजा पत्र**

चिल्ला एलिवेटेड को जून-23 में यूपी कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 787 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी थी। दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर-मयूर विहार फ्लाईओवर से नोएडा के महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनना प्रस्तावित है। इसके लिए शासन ने 100 करोड़ रुपए भी नोएडा प्राधिकरण को भेज दिए हैं। इसके बाद टेंडर जारी करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेतु निगम को फाइल भेज दी थी। इससे पहले ही सेतु निगम ने अतिरिक्त बजट की मांग शुरू कर दी। सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि 787 करोड़ रुपए में एलिवेटेड रोड नहीं बन पाएगा। मौजूदा दरों पर निर्माण में 940 करोड़ रुपए लागत आएगी। अब प्राधिकरण ने इस मामले में शासन को पत्र भेजकर सुझाव मांगा है। शासन स्तर पर तय किया जाएगा कि सेतु निगम को अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी या नहीं।

सेतु निगम का कहना कि एलिवेटेड रोड का एस्टीमेट वर्ष-2019-20 में बना था। इसमें उस समय की निर्माण लागत को शामिल किया गया था। इसके बाद, जो लागत बढ़ी थी, वो डिजाइन में बदलाव के कारण बढ़ी थी। तब से अब तक निर्माण सामग्री की दरें भी बढ़ चुकी हैं। मौजूदा दरों पर आकलन करने पर प्रोजेक्ट 940 करोड़ पहुंच जाएगा। इस तरह से 153 करोड़ रुपये लागत और बढ़ेगी।

**क्यों महत्वपूर्ण है दोनों परियोजना**

पहली चिल्ला एलिवेटेड योजना दिल्ली को नोएडा से कनेक्ट करेगी। ये एलिवेटेड नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के आगे एक्सप्रेस वे जोड़ेगी। जिससे चिल्ला से सीधे एक्सप्रेस वो जोड़ने वाली लिंक रोड पर जाम समाप्त हो जाएगा। साथ दिल्ली से नोएडा की बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे रोजाना करीब एक लाख वाहन चालकों को राहत मिलेगी। उन्हें घंटो जाम में नहीं फंसना होगा। भंगेल एलिवेटड सेक्टर-41 अगाहपुरा से सेक्टर-110 क्रासिंग तक है। इसे डीएससी सड़क पर बनाया जा रहा है। इसके बनने से डीएससी और एक्सप्रेस वे दोनों ही सड़कों से वाहन भार कम हो जाएगा। ये रोड नोएडा की नई लाइफ-लाइन भी होगी। इससे रोजाना लाखों वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

### भंगेल एलिवेटेड के लिए 139 करोड़ देने होंगे, आईआईटी रूढ़की को भेजा पत्र

वहीं भंगेल-सलारपुर का जाम खत्म करने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का काम दोबारा से शुरू कर दिया गया है। एलिवेटेड रोड का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम करवा रहा है। यह सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनाया जाएगा। अभी लागत विवाद के कारण करीब छह महीने से काम बंद पड़ा है। ऐसे में अब दोबारा से काम शुरू कर दिया गया है। सेतु निगम ने इस योजना में प्रोजेक्ट कास्ट 97 करोड़ रुपए बढ़ा दी है। इस परियोजना का निर्माण 468 करोड़ में पूरा किया जाना था। इसके अलावा पुराने बिल के रूप में 42 करोड़ और नए दो लूपों को जोड़ दिया जाए तो 30 करोड़ और प्राधिकरण को देने होंगे। प्राधिकरण के डीजीएम श्री पाल भाटी ने बताया कि वेरिफिकेशन के लिए दोनों दस्तावेजों को आईआईटी रुड़की भेजा गया है। वहां से अप्रूव होने के बाद सेतु निगम को पैसा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण आठ जून 2020 को शुरू हुआ था। अनुबंध के तहत एलिवेटेड रोड का काम सात दिसम्बर 2022 तक पूरा कर लिया जाना चाहिए था। अभी तक 68 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। ऐसे में अभी काम शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब एक साल का समय और लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी का कहना है कि एलिवेटेड का काम शुरू कर दिया गया है। इस बार काम तेजी से कराया जाएगा।

उवाच "

प्राधिकरण ने एसआईटी की रिपोर्ट को वापस करने को तैयार है, जिसके मसौदे पर चर्चा के लिए। एसीईओ अमनदीप डूली से वार्ता करने का प्रस्ताव किसानो के बीच रखा। जिस पर हर गांव से दो प्रतिनिधि के रूप में 51 किसानो का प्रतिनिधिमंडल के साथ अमनदीप डूली के साथ बैठक हुई। बैठक में खारिज किए गए प्रकरणों को बहाल करने के लिए वापस एसआईटी में भेजने को सहमति जाहिर की। **हिमांशु वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ओएसडी**



# किसानों के लीज बैक के निरस्त प्रकरण वापस एसआईटी को सौंपने पर प्राधिकरण सहमत

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। लीजबैक निरस्त करने को लेकर किसानों को बुधवार ग्रेटर नोएडा

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में किसानों की हुई पंचायत
- पंचायत के बाद प्राधिकरण अधिकारियों से हुई वार्ता





औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर महापंचायत हुई। महापंचायत में किसानों ने निर्णय लिया कि जब लीज बैक के निरस्त 237 प्रकरणों को वापस नहीं लिया जाता है, उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों के बढ़ते दबाव को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण निरस्त लीज बैक के प्रकरणों को वापस एसआईटी के पास भेजने पर सहमति हो गई। इससे पूर्व गुरुवार को ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ किसानों की बैठक होगी। जिसमें लीज बैक के प्रकरण को वापस एसआईटी को सौंपने का निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि एसआईटी के अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह को बनाया गया था। लीज बैक के 237 प्रकरण निरस्त किए जाने के विरोध में 16 अक्टूबर से किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना दे रहे है, किसानों का आरोप है कि तथ्य छिपाकर लीज बैक को निरस्त की गई। लीज बैंक को बहाल कराने के लिए धरने पर बैठे किसानों की हुई महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान और महिलाओं के साथ साथ अन्य किसान संगठन पहुंचे। जिसमें मुख्य रूप से किसान एकता संघ, किसान बेरोज़गार सभा, भारतीय किसान परिषद, भारतीय किसान यूनियन अंबावता, जय जवान जय किसान अन्य किसान संगठन भी भारी संख्या में शामिल हुए। पंचायत में किसानों के बीच पहुंचे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने एसआईटी की रिपोर्ट को वापस करने को तैयार है, जिसके मसौदे पर चर्चा के लिए। एसीईओ अमनदीप डूली से वार्ता करने का प्रस्ताव किसानो के बीच रखा। जिस पर हर गांव से दो प्रतिनिधि के रूप में 51 किसानो का प्रतिनिधिमंडल के साथ अमनदीप डूली के साथ बैठक हुई।

बैठक में खारिज किए गए प्रकरणों को बहाल करने के लिए वापस एसआईटी में भेजने को सहमति जाहिर की, इस पर किसानो ने एक एक सुर में कहा कि जब तक ख़ारिज किए गए 237 प्रकरणों को बहाली के किएँ एसआईटी में वापस नहीं भेजते तब तक किसान भी अपने घर वापस नहीं जाएंगे। समिति के प्रवक्ता मनवीर भाटी ने बताया कि 26 अक्टूबर को ग्रेनो सीईओ रवि कुमार एनजी और एसआईटी के अधक्ष डॉ. अरूणवीर (यमुना प्राधिकरण सीईओ) के साथ वार्ता होगी। इस दौरान पंचायत को ब्रिजेश भाटी, सुबेराम नेता, वनीश प्रधान, रजिंदर प्रधान, सूबेदार रमेश रावल, सुनील फौज़ी, रामी प्रधान, रवि प्रधान, बिजेंदर प्रधान, बलराज प्रधान, भीमसिंह आदि किसान मौजूद थे।

## सहकारी समितियों पर डीएपी का आभाव, किसानों में आक्रोश

**रबूपुरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। रवि फसल बुआई का माकूल समय शुरु हो चुका है। ऐसे में किसान डीएपी पाने के लिए एक से दूसरी समिति पर भटक रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा। जिसके चलते किसानों में प्रशासन के प्रति आक्रोश पनप रहा है। उधर किसान संगठन जल्द समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दे रहे हैं। किसान संजय, भोला, राजपाल, संजीव, अशोक, श्रीराम, चंद्रपाल, सुरेन्द्र, नानक, योगेश, कृष्ण, विजयपाल आदि ने बताया कि गेंहू, जौ, जई आदि फसल की बुआई का समय नजदीक है लेकिन ऐसे में सहकारी समितियों पर डीएपी नहीं मिल रही। कस्बा रबूपुरा स्थित समिति पर सचिव की नियुक्ति नहीं होने के कारण यहां अभी तक डीएपी की एक भी गाड़ी नहीं आ सकी है तथा अन्य समितियों पर भी पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उपलब्ध नहीं हैं। दर्जनों किसान हर समितियों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन डीएपी नहीं मिल रही। किसानों की लंबी कतार खाद की लाइन नजर आते हैं। राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष इकपाल सिंह सिवाच ने बताया फसल बुआई के समय अक्सर समितियों पर खाद बीज नहीं मिलते हैं। समस्या से अनेकों बार सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं होता है। जल्द ही किसानों को डीएपी का वितरण नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**निजी दुकानदार मनमाने दामों में खाद बेचकर काट रहे चांदी, प्रशासन बना मूकदर्शक**



## सार संक्षेप

### लापता चार वर्षीय बच्ची को दो घंटे में पुलिस ने स्वजनों को सौंपा

**जेवर।** कोतवाली पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक लापता हुई चार वर्षीय मासूम बच्ची को दो घंटे में ढूढ़कर स्वजनों के सुपर्द किया है। जिससे स्वजनों व नगरवासियों ने पुलिस के कार्य की सराहना की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को कस्बा जेवर के मोहल्ला भटपुरा के मनजीत सिंह उर्फ भोलू ने पुलिस से पांच बजे के करीब शिकायत करते हुए बताया कि उसकी चार वर्षीय बेटी तनु घर के बाहर खेल रही थी तथा उसके बाद वह अचानक ही लापता हो गई। स्वजनों ने काफी ढूढ़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को ढूढ़ना शुरु कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कस्बे से करीब तीन किमी दूर स्थित साहबनगर गांव में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची खेलते हुए घर से दूर निकल गई थी तथा रास्ता भटक गई थी। पुलिस ने शाम को बच्ची को सकुशल स्वजनों को सुपर्द कर दिया।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर महाकाली की निकाली शोभायात्रा



**जेवर।** महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर बुधवार को महाकाली व महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा खुर्जा रोड से शुरु होकर मुख्य चौराहा, टप्पल रोड, मुख्य बाजार, झाझर रोड हुए झाझर रोड स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सुंदर सुंदर डोले, झांकियां बैंड बाजे के साथ निकाली गई। कार्यक्रम के आयोजक रवि अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार शाम को अग्रसेन मंदिर पर विराट कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र अग्रवाल पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत जेवर व आदर्श नगर पंचायत जट्टारी अलीगढ़ के चेयरमैन प्रदीप बंसल रहेंगे। इस मौके पर संजय, यतीश, रोहित, विमल जैन, निशांत, मनीष, पुनीत, शिवम, अजय आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने डीएमआईसी प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विकास कार्य को गति प्रदान करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को बोड़ाकी रेलवे स्टेशन व दादरी पहुंचकर डीएफसीसी, डीएमआईसी तथा सेतु निगम के प्रोजेक्ट का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने दादरी के ग्राम पाली, चिटहैरा, कटहैरा आदि गांवों में डीएफसीसी, डीएमआईसी तथा सेतु निगम प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की उक्त प्रोजेक्टों के लिए भूमि का अर्जन करते हुए सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उक्त सभी प्रोजेक्टों को तय समय में पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी भू./अ. बलराम सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह तथा संबंधित प्राधिकरण के अधिकारी गण उपस्थित रहे।



- बोड़की रेलवे स्टेशन व दादरी में डीएफसीसी, निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के दिए निर्देश

## फिल्म सिटी निर्माण को लेकर 15 कंपनियों ने दिखाई रूचि

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे सिटी में फिल्म सिटी परियोजना को लेकर गुरुवार को होने वाली प्री बिड मीटिंग में 15 कंपनियां भाग लेंगी। इसमें शामिल होने वाली कंपनियां अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगी। अगर जरूरत महसूस हुई तो प्राधिकरण इन सुझावों को टेंडर शर्तों में शामिल कर सकता है।

- आईडीसी आज फिल्म सिटी परियोजना को लेकर 15 कंपनियों के साथ ही करेंगे प्री बिड मीटिंग

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में फिल्म सिटी विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए दो बार ग्लोबल टेंडर निकाले गए, लेकिन फिल्म सिटी के विकास के लिए कोई कंपनी आगे नहीं आई। इसके बाद टेंडर शर्तों में कई संशोधन किए गए। अब परियोजना का पहला चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। इसमें 1510 करोड़ रुपए की निवेश होगा। इसमें 30 नवम्बर तक टेंडर जमा हो सकेंगे। तकनीकी निविदा पांच दिसम्बर को खोली जाएगी। गुरुवार को इसकी प्री बिड मीटिंग होगी। यमुना प्राधिकरण में होने वाली प्री बिड मीटिंग में औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह भी शिरकत करेंगे। इसमें 15 कंपनियों ने भाग लेने की सहमति दे दी है। इसमें कंपनियों अपनी आपत्तियां एवं सुझाव देंगी। गुरुवार को प्री बिड मीटिंग में आने वाली कंपनियों में बालीवुड की हस्तियों की कंपनियां भी शामिल हैं। इसमें केसी बोकाड़िया, मोहिंदर वालिया, काउंटी, माइक बर्नी, ओमेक्स, भूटानी, मैडॉक फिल्म्स, दुबई बेस्ट मीडिया ऑपरेटर, बोनी कपूर, मारवाह स्टूडियो, टी सीरीज, अक्षय कुमार व कंगना रानौत, राकेश रोशन फिलम्स आदि शामिल हैं। इसके अलावा कुछ बड़ी फिल्मी हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी। इसमें कई लोग कंर्सोसिएम बनाकर आएंगे।

## नोएडा एयरपोर्ट के लाभांश में तीनों प्राधिकरणों की होगी हिस्सेदारी

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) को एक साल में 1.04 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें हर साल पांच प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। इसमें सरकार और तीनों को प्राधिकरण को अंशधारिता के हिसाब से पैसा मिलेगा। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सरकार ने कंपनी बनाई है। इस कंपनी में प्रदेश सरकार, नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण शामिल है। इसमें सरकार व यमुना प्राधिकरण की हिस्सेदारी 37.5-37.5 प्रतिशत की है। जबकि ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की 12.5-12.5 प्रतिशत की अंशधारिता है। इसके विकास के लिए ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी कंपनी का चयन किया गया। अनुबंध के अनुसार, विकासकर्ता कंपनी नियाल का प्रति यात्री 400.97 रुपए का भुगतान करेगी। यह पैसा संचालन के छठें वर्ष बाद से मिलेगा। इस लिहाज से नियाल को संचालन के छठें साल 1.04 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे। यह पैसा चारों भागीदारों को मिलेगा।

## जीबीयू में बौद्ध शिक्षा व वैश्विक कल्याण सम्मेलन का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर(देशबन्धु)। आंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ (आईबीसी) और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (आईबीसी) संस्कृति मंत्रालय के साथ गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में 28 से 30 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस का आयोजन कर रहे हैं और विपासना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयंका के जन्म शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहे हैं। शरद पूर्णिमा के पूर्णिमा दिन 28 अक्टूबर को, आईबीसी के प्रमुख कार्यक्रम अभिधम्म दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दो दिन विपासना जश्न मनाए जाएंगे। कार्यक्रम का थीम है 'बुद्ध धर्म के सिद्धांत और वैश्विक भलाई प्रकृति, महत्व, और लागूयता।' मुख्य अतिथि रामनाथ कोविंद, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, और विशेष अतिथि वरिष्ठ प्रोफेसर कोटापितिये राहुल अनुनायक थेरा, कोटे अध्याय श्रीलंका के सर्वोपाध्यक्ष और अनुनायक सुप्रीम संघ परिषद शामिल होंगे। इसी के साथ ही 10 से अधिक देशों के राजदूतों और उच्च आयुक्तों का इस घटना में भाग लेने की उम्मीद है। दुनिया के विभिन्न देशों के प्रसिद्ध शिक्षाविद्गण भी भाग लेंगे, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड, रूस, श्रीलंका, वियतनाम, कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार, दक्षिणी कोरिया, नेपाल, लाओस, इत्यादि। ये प्रतिष्ठित विद्वान बौद्ध दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर और उनके वैश्विक सुख-सुविधा के संदर्भ में पेपर्स प्रस्तुत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ (आईबीसी) एक बौद्ध छाता संगठन है जो दुनियाभर के बौद्धों के लिए एक सामान्य मंच के रूप में कार्य करता है। यह भारत के नई दिल्ली में मुख्यालय रखता है। यह उच्चतम बौद्ध धार्मिक श्रेणी के संरक्षण में स्थापित हुआ है, और वर्तमान में यह वैश्विक सदस्यता रखता है, जिसमें विश्व एवं राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघ, मठ, अंतरराष्ट्रीय संगठन और संस्थान शामिल हैं।

- पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द होंगे मुख्य अतिथि
- अभिधम्म दिवस के विपासना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयंका के जन्म शताब्दी वर्ष के साथ सम्मेलन का आयोजन

## चाचा भतीजे पर हमला करने के आरोप में दर्जन भर हमलावरों पर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट स्थित विहान सोसाइटी के पास एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने चाचा भतीजे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में एक युवक को गंभीर चोट लगी है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिसरख गांव का रहने वाला देव भाटी विहान सोसाइटी में रहने वाले अपने चाचा निर्भय भाटी से मिलने गया था। दोनों चाचा भतीजे सोसाइटी के समीप सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इस बीच लाठी डंडों से लैस 10-15 अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने बिना वजह दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों को लाठी डंडे से बुरी तरह पीटा गया। हमले के दौरान देव भाटी को गंभीर चोट आई है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिवार का आरोप है कि सोसाइटी के समीप दुकान चलाने वाले एक युवक को देव ने पहचान लिया, जबकि बाकी हमलावर अज्ञात है। परिजनों ने हमलावरों के खिलाफ शिकायत दी है। बिसरख कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत का कहना है कि राधे गुप्ता और 10-15 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

## कर्ज दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली में सेक्टर बीटा-एक में रहने वाले एक युवक ने दो सगे भाई बहन और उनके परिचित पर लोन दिलाने का झांसा देकर साढ़े आठ लाख रुपए ठगने और पैसे वापस मांगने पर अपहरण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवती ने उसे भरोसे में लेकर अपने भाई और परिचित से मिलवाया। इसके बाद ठगी का शिकार बनाया गया। पीड़ित ने आरोपियों पर अपने दादा की मूल संपत्ति के दस्तावेज भी हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर बीटा वन में शुभम चौधरी परिवार के साथ रहते हैं। शुभम चौधरी ने पुलिस को बताया कि करीब 8 साल पहले नोएडा के कॉलेज में उसकी मुलाकात तान्या रावत नाम की एक युवती से हुई थी। इस बीच दोनों के बीच दोस्ती हो गई। पीड़ित ने बताया कि तान्या रावत उससे बीच में मिलते-जुलती रहती थी। पीड़ित ने अपना बिजनेस शुरू करने की इच्छा जाहिर करते हुए लोन की बात की। तान्या ने लोन दिलाने का भरोसा दिया पर ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी मॉल में पीड़ित की मुलाकात अपने भाई श्रेय रावत और परिचित यश से करवाई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर लोन करने के नाम पर साढ़े आठ लाख रुपए ले लिए।

**तीन नामजद सहित चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**

## सीबीएसई क्लस्टर में रजत पदक के साथ अंजलि ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्योरान इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा कक्षा 9 की छात्रा अंजलि ने सीबीएसई क्लस्टर कराटे में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर को मेरठ में आयोजित की गई थी। इसमें हज़ारों छात्रों ने भाग लिया। कोच शिवालक राज ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के 20-25 स्कूलों ने इस क्लस्टर में भाग लिया, सभी स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए श्योरान रजत पदक जीतने वाला पहला स्कूल बना। स्कूल प्रशासन ने अंजली का भव्य स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी।



## करियर परामर्श कार्यशाला में बच्चों के सही दिशा के लिए किया मार्गदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विद्यामंदिर क्लासेस की तरफ से जीडी गोयनका स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के लिए एक करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। पहला सत्र कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए था।

कार्यशाला में यह जानकारी दी गई कि कक्षा 10 के बाद सही स्ट्रीम का चयन करना कितना महत्वपूर्ण है। छात्रों को बताया गया कि वे अपनी ताकत के अनुसार स्ट्रीम का चयन कर सकते हैं। उन्हें अपने स्ट्रीम चयन से संबंधित नौकरी के अवसरों के बारे में भी बताया गया। ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के दूसरे सत्र में विभिन्न करियर विकल्पों पर चर्चा की गई। सीयूईटी परीक्षा मार्गदर्शन विस्तार से दिया गया।



छात्रों को सूचित किया गया कि अच्छे कॉलेजों में दाखिला लेना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें अच्छे साथी मिलते हैं और यह दूसरों के व्यक्ति को समझने के तरीके को प्रभावित करता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस कॉलेज में पढ़ रहा है। छात्रों को कुछ स्ट्रीम न्यूट्रल पाठ्यक्रमों के बारे में भी बताया गया जो किसी भी स्ट्रीम के छात्र के लिए उपलब्ध हैं।

विकल्प चुन सकते हैं। सत्र के अंत में, छात्रों ने अपने करियर का निर्णय लेते समय आमतौर पर सामने आने वाली उलझनों के बारे में प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं को दूर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेणू सहगल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला छात्रों को वास्तविक ज्ञान की अनुभूति प्राप्त होती है और शिक्षा में के प्रति रुचि जागृत होती है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## एफआरएस नेशनल ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जिले के बच्चों ने जीते कई पदक



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद के चिपायना में बने जेएसआर स्केटर पार्क बेंक्ड स्केटिंग ट्रैक पर एफआरएस नेशनल ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के स्केटिंग कोच अनुज रावल ने बताया कि इस चैंपियनशिप का आयोजन एफआरएस फेडरेशन ऑफ रोलर स्पोर्ट्स की तरफ से अंडर-6 आयु वर्ग से लेकर उच्चतम 16 आयु वर्ग तक बालक व बालिका वर्ग में 300 व 500 मीटर स्पीड रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में अलग-अलग राज्य व शहर से 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया, इसमें ग्रेनो स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। ग्रेनो के खिलाड़ियों ने 300 और 500 मीटर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण 6 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर अपने जिले व माता-पिता का नाम रोशन किया। कोच अनुज रावल ने बताया कि ग्रेनो के खिलाड़ी रोजाना दो घंटे स्केटिंग का अभ्यास करते है। खिलाड़ियों के पदक जीतने पर उनके माता-पिता में खुशी की लहर है। ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश रावल ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान अक्षिता सिंह, स्वर्ण पदक 300 और 500 मीटर रेस, अंडर 6 अडजस्टेबल स्केट। तरस्वी सिंह स्वर्ण पदक 300 मीटर रेस,सिल्वर मैडल 500 मीटर रेस, अंडर 8 अडजस्टेबल स्केट। रोहन कुजूर रजत पदक 500 मीटर रेस, अंडर 10 अडजस्टेबल स्केट। आकर्शिका यादव स्वर्ण पदक 300 और 500 मीटर रेस, अंडर 6 क्वाड स्केट। भार्गवी रजत पदक 300 और 500 मीटर रेस, अंडर 6 क्वाड स्केट। अक्षित चौधरी रजत पदक 300 मीटर रेस, अंडर 10 क्वाड स्केट। पुलकित परासर कांस्य पदक, 300 मीटर रेस, अंडर 14 क्वाड स्केट। गरिमा शर्मा कांस्य पदक 300 और 500 मीटर रेस, अंडर 14 क्वाड स्केट।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2023-24-13** के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का विवरण :** The different mechanical work of '(i) Dismantling of motorized axle from bogie and disassembly of TM and Gear case and cleaning of Gear case, (ii) 'Removal and fitment of elastic ring of WAP-7 locomotive during major/ minor schedule' and (iii) 'Removal and fitment of spheri blocs of axle guide and torque arm of WAP-7 locomotives' at Electric loco shed, Ghaziabad. |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 35,83,188.00 |
| 3. | **धरोहर राशि :** रु. 71,700.00 |
| 4. | **निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय :** 16.11.2023 (11:00 Hrs.) |
| 5. | **निविदा खोलने की तिथि और समय :** 16.11.2023 (After 11:00 Hrs.) |
| 6. | **वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in |

नोटः (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
(ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
(iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।
सं.: 230-TRS-GZB-2023-24-13 दिनांकः 25.10.2023 3326/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 26 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## मणिपुर त्रासदी से 'व्यथित' मोहन भागवत

उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे। केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है।

और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने 'इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ' बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि 'गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये।' मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी।

पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवत: यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफ़ीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है।

दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाज़ुक है। भाजपा का नफ़रती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में भाजपा को मिली पराजयों के बाद अगर इन राज्यों में उसकी स्थिति ठीक रहती तो शायद संघ व भाजपा उस एजेंडे को आगे बढ़ाते परन्तु सम्भवतया संघ को अब एहसास हो गया होगा कि उस पिच पर लम्बी पारी खेलना बहुत मुश्किल है; जीतना तो और भी दूर की बात है।

विदेशी शक्तियों का उल्लेख कर भागवत अपनी सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इसकी जिम्मेदार भी मोदी सरकार की है। फिर, केन्द्र के साथ मणिपुर में भी तो उन्हीं की यानी कि भाजपा की सरकार है। जिस तरह से अब तक भाजपा के नेता डबल इंजिन की सरकारों को महिमा मंडित करते आये हैं, तो भागवत को स्वीकार करना चाहिये कि दोनों ही इंजिन नाकाम साबित हुए हैं और अब इन्हें बदलने की ज़रूरत है। याद हो कि सीमावर्ती राज्यों में होने वाली घुसपैठ पर यही आरएसएस और ये ही नेता विपक्षी सरकारों-दलों को पानी पी-पीकर कोसते थे। उनका आरोप होता था कि बाहरी तत्व गैर भाजपायी केन्द्र-राज्यों की सरकारों की सांठगांठ से भारत आकर गड़बड़ियां करते हैं। भागवत आज क्या कहेंगे? उम्मीद है कि संघ अब समस्या की गहनता से वाकिफ़ हो चुके होंगे।

इस बयान का कारण संघ प्रमुख की यह चिंता भी हो सकती है कि इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों का असर, जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे, 2024 के लोकसभा चुनावों पर पड़ना तय है। इन राज्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के तमाम सर्वे जिस तरह के परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं, संघ प्रमुख का चिंतित होना लाजिमी है। कोई यह न समझे कि भागवत का बयान सदाशयता व समरसता के लिये या फिर वाकई देश की अखंडता-एकता को उत्पन्न कथित खतरे की चिंता में दिया गया है। इसके सामाजिक नहीं वरन राजनैतिक निहितार्थ हैं।

# जंग की आग में फिल्म का प्रचार

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपनी फिल्म के प्रमोशन के चक्कर में अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश के लिए अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी है। दुनिया के सामने भारत को लगभग शर्मिंदा करने के हालात बना दिए हैं। दरअसल कंगना रनौत की फिल्म तेजस इस शुक्रवार को प्रदर्शित होने वाली है। मार्केटिंग के युग में फिल्में भी बिना प्रचार-प्रसार और प्रमोशन के नहीं चलती हैं। पहले फिल्म के वितरक और जिन सिनेमाघरों में फिल्में लगती थीं, उनके मालिकान लाउडस्पीकर को कस्बों-शहरों में घुमाकर नयी फिल्म के आने की जानकारी दे दिया करते थे। प्रदर्शन से पहले फिल्मों के लुभावने पोस्टर शहर भर में टंग जाया करते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया का जमाना है, जहां अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर जाकर अभिनेता-अभिनेत्रियां अपनी फिल्मों, वेब सीरीज या धारावाहिकों की जानकारियां दिया करते हैं, इसके अलावा कभी मॉल्स तो कभी बाजारों में खुद जाकर अपनी फिल्म के बारे में जानकारी देते हैं। चूंकि कंगना की फिल्म दशहरे के मौके पर आ रही थी तो रामलीला का मंच भी फिल्म के प्रचार के लिए इस्तेमाल हो गया। दशहरे पर राम और रावण दो ही मुख्य किरदार होते हैं, तो कंगना ने लगे हाथ रावण को मौजूदा वैश्विक हालात से जोड़कर बता दिया कि वो किसे राम मानती हैं।

कंगना रनौत ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रही विनाशकारी जंग में हमास को आधुनिक रावण बता दिया है। दरअसल कंगना रनौत ने नयी दिल्ली में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात की है। जिसकी फोटो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और ट्विटर पर शेयर की हैं। कंगना ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि 'आज पूरी दुनिया, ख़ासकर इज़रायल और भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जंग लड़ रहे हैं। कल जब मैं रावण दहन करने दिल्ली पहुंची, तो मुझे लगा कि इजरायली एम्बेसी आकर उन लोगों से मिलना चाहिए जो आज के आधुनिक रावण हमास जैसे आतंकवादियों को परास्त कर रहे हैं। जिस प्रकार से छोटे बच्चों को, महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा हैं, ये दिल को झकझोर देने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद हैं आतंकवाद के ख़िलाफ इस युद्ध में इज़रायल विजयी होगा।

वैसे ये पहली बार नहीं है, जब कंगना ने इजरायल के समर्थन में इस तरह बयान दिया। हमास के हमले के बाद भी उन्होंने इजरायल के साथ अपनी सहानुभूति दर्शाई थी। दरअसल कंगना रनौत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नक्शेकदमों पर ही हैं। श्री मोदी ने भी सबसे पहले इजरायल के समर्थन में बयान दिया था और फिलिस्तीन के लिए कुछ नहीं कहा था। दुनिया में इससे सही संदेश नहीं गया, ये बात जैसे ही विदेश मंत्रालय को समझ आई, उसने भूल सुधार करते हुए पांच दिन बाद बयान दे दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और फिलिस्तीन को उसका हक मिलने का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री के बयान पर तो भूल-चूक माफ वाले अंदाज में काम हो गया। लेकिन अब कंगना रनौत के बयान को कैसे संभाला जाएगा। वैसे तो स्वतंत्र देश की स्वतंत्र नागरिक होने के नाते कंगना रनौत को पूरा हक है कि वे अपनी राय बेरोकटोक जाहिर कर सकें। मगर ये सारी बातें उन्होंने इजरायली राजदूत से मुलाकात के बाद कही हैं। इसके बाद दुनिया में सवाल उठ सकते हैं कि आखिर भारत का पक्ष क्या है। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने फिर दोहराया है कि वह फिलिस्तीन को मदद भेजना जारी रखेगा और उसके साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर काम करता रहेगा। लेकिन घरेलू मोर्चे पर फिल्म के प्रमोशन के लिए एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय मसले को जिस तरह घसीटा गया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

कंगना रनौत ने भले ही भाजपा की निगाह में चढ़ने के लिए, सरकार को अंध समर्थन देने के लिए इस तरह का बयान दिया हो, लेकिन असल में इससे देश की किरकिरी होने के आसार ही बने हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भी कंगना से ये सवाल किया जा सकता है कि जब उन्हें इजरायली महिलाओं और बच्चों पर हमास के अत्याचार दिखे हैं और उनका दिल इससे टूटा है, तो क्या उन्हें फिलिस्तीनी बच्चों और वहां के निर्दोष नागरिकों की चीख-पुकार से जरा भी फर्क भी नहीं पड़ा। जिस तरह इजरायल फिलिस्तीन में राहत शिविरों, अस्पतालों, मस्जिदों, चर्च को निशाना बना रहा है, सैकड़ों बच्चों को मारा जा चुका है, क्या ये सब देखकर कंगना रनौत का दिल नहीं टूटता। हमास को रावण कह देना और उसके खात्मे की कामना करना, एक जटिल मुद्दे का अतिसरलीकरण है।

कंगना रनौत चाहे जितने तरीकों से अपनी फिल्म का प्रचार कर लें, लेकिन कम से कम उन्हें जंग की आग में अपनी फिल्म को चमकाने की कोशिश नहीं करना चाहिए थी। वैसे भी इस बार दशहरे पर उन्होंने इतिहास रच ही दिया है। दिल्ली की लवकुश रामलीला में इस बार कंगना ने रावण के पुतले पर तीर चलाए। ये और बात है कि तीन बार की कोशिश के बाद भी जब उनसे तीर नहीं चला तो रामलीला कमेटी के ही एक सदस्य ने उनकी मदद की। इस वजह से सोशल मीडिया पर कंगना रनौत का खूब मजाक भी उड़ रहा है। अब कंगना कोई पेशेवर तीरंदाज तो हैं नहीं जो उनसे तीर चलाया जाएगा, इसलिए उनका इस वजह से मजाक उड़ाना सही नहीं है। लेकिन फिर भी लोगों ने उन पर फब्तियां कसने का मौका इसलिए नहीं छोड़ा क्योंकि कंगना रनौत सुर्खियों में बने रहने के लिए जिस तरह की बयानबाजी करती हैं, उसमें उनका पक्षपात, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ाने का उन्माद साफ झलकता है। कंगना किसी न किसी मोदी सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगी रहती हैं, बल्कि कई बार चापलूसी करती दिखती हैं। कल भी रावण दहन के दौरान कंगना रनौत ने जय श्रीराम के नारे लगाए और कहा कि भगवान राम सबसे बड़े हीरो हैं, और उनके जैसा न तो कोई था और ना ही कोई होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम पर कंगना ही नहीं इस देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था है। लेकिन सवाल ये है कि वो कौन से राम हैं, जिन्हें कंगना अपना हीरो बता रही हैं। क्या ये वो राम हैं, जिनके नाम का इस्तेमाल कर भाजपा ने सत्ता का सफर तय किया है, या फिर ये गंगा-जमुनी संस्कृति वाले राम हैं, जिनके नाम से पहले लोग सीता का नाम लेते हुए जय सियाराम का अभिवादन करते रहे हैं।

कंगना रनौत को कल लवकुश रामलीला में बतौर महिला रावण पर तीर चलाने का मौका मिला तो इस इतिहास को रचने के साथ-साथ वे मिसाल भी कायम कर सकती थीं। जय श्रीराम के साथ वे जय सियाराम भी कह सकती थीं। स्त्रीशक्ति को दिखाते हुए बिल्किस बानो से लेकर महिला पहलवानों, मणिपुर की महिलाओं और उज्जैन की नाबालिग बच्ची जैसे कई मामलों में इंसाफ की आवाज बुलंद रामलीला के मंच से कर सकती थीं। हमास के लिए उन्हें आधुनिक रावण की संज्ञा याद आई, लेकिन अपने देश में अलग-अलग किरदारों के पीछे छिपे रावणों को कंगना ने बड़ी आसानी से अनदेखा कर दिया। दरअसल कंगना या उनकी तरह के सुविधापरस्त लोगों से ऐसी कोई भी उम्मीद रखना बेवकूफी ही है। उनके एजेंडे में भारत के आधुनिक रावणों का जिक्र करना शामिल ही नहीं है, क्योंकि इससे उनकी फिल्म को कोई फायदा नहीं मिलता।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया

■ सुशील कुट्टी

2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस हार गई थी और अब वह वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। हालांकि, सत्तारूढ़ मिज़ो नेशनल फ्रंट और विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। मिजोरम में भाजपा को पड़ोसी राज्य मणिपुर में हो रही घिनौनी घटनाओं से जूझना पड़ रहा है। एमएनएफ का नेतृत्व मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा कर रहे हैं और मिज़ो शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से एमएनएफ और कांग्रेस ने क्रमश: तीन और चार बार सत्ता संभाली है। एमएनएफ खुद को सत्ता में बनाये रखने के लिए लोगों के उत्थान के लिए अच्छे प्रशासन और सरकारी संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के अपने रिकॉर्ड पर भरोसा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मणिपुर हिंसा मिज़ोरम में सिरदर्द बन गया है। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर में अप्रिय घटनाओं के बावजूद राज्य में प्रचार करना होगा। प्रधानमंत्री से प्रेस वार्ता आयोजित करने की उम्मीद बहुत ज्यादा होगी। प्रधानमंत्री मोदी हस्तक्षेप करने वाले प्रेस से घिरे हुए मंच के ऊपर दूर पर ही होंगे।

भाजपा के अन्य शीर्ष नेता मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों मिजोरम में रहेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, वह 30 अक्टूबर को ममित शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

इस बीच कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी आये और चले गये। अच्छी तरह से कटी हुई दाढ़ी वाले गांधी 16 अक्टूबर को एक पदयात्रा और एक रैली के लिए मिजोरम में थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, राहुल गांधी मीडिया का सामना करने से घबड़ाते या डरते नहीं थे।

एक चुटीले पत्रकार ने राहुल से राजनीतिक वंशवाद के बारे में पूछा और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बिना किसी दुर्भावना के पत्रकार से प्रतिवाद किया, जिसे देखने वाला कोई भी यह प्रमाणित करेगा कि यह एक कठिन कार्य है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है और पार्टी सभी 40सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भारतीय जनता पार्टी 23 निर्वाचन क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमायेगी। भाजपा के दो स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंतविस्वा शर्मा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा हैं। शर्मा ने विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में जमीन तैयार करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करना सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों/केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के लिए जीवनरेखा है। हिमंतविस्वा शर्मा को पूर्वोत्तर में एक बड़ा आकर्षण माना जाता है। एक अन्य पूर्वोत्तर व्यक्ति, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मिजोरम के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी हैं। भाजपा मिजोरम में सीटों के लिए रियांग और चकमा आदिवासियों पर भरोसा कर रही है।

भगवा पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट पर भरोसा कर रही है। मतदान 7 नवम्बर मंगलवार को और मतगणना रविवार को होगी। चुनाव लड़ने के लिए 174 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और मुख्य विपक्षी दल, ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), दोनों क्षेत्रीय/राज्य संगठन हैं। कांग्रेस और भाजपा मूलत: बाहरी हैं। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़कर अपनी घुसपैठ बनाने की कोशिश कर रही है। 174 उम्मीदवारों में से 27 'निर्दलीय' हैं।

ऐज़वाल में राहुल गांधी की पदयात्रा में हजारों कांग्रेस समर्थक और जनता शामिल हुई। कम से कम चनमारी नामक स्थान से लेकर ट्रेजरी स्क्वायर नामक स्थान तक का विस्तार गांधी परिवार की भारत जोड़ो यात्रा की याद दिलाता है। गांधी ने सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया और कुछ लोगों से बातचीत करते हुए हाथ मिलाया। आंखों से संपर्क बनाना मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता छात्रों के साथ बातचीत करने से नहीं चूके और ईसाई बहुल मिजोरम में मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

ऐज़वाल और लुंगलेई राज्य में दो स्थान थे जहां कांग्रेस नेता रुके थे। इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी मिजोरम में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, जो क्रमश: भाजपा और कांग्रेस के मुख्य प्रचारक हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जीत किसकी होती है। हालांकि, फिलहाल, दोनों पार्टियां मिजोरम पीपुल्स फोरम के साथ चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद सार्वजनिक जुलूस आयोजित नहीं करने के समझौते से बंधी हैं।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

कहानी से अलग एक दिलचस्प बात यह है कि निवर्तमान विधानसभा के 35 विधायक करोड़पति थे जिनके बारे में एसोसिएशन फॉरडेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच ने बताया है। राज्य में कुल 39 विधायक थे और उनमें से कोई भी महिला नहीं थी। उन्होंने कहा कि ये 2023 के लिए चुनावी मुद्दे नहीं हैं।

पूरी संभावना है कि असम-मिजोरम सीमा विवाद तथा मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी पर जनाक्रोश मिजोरम चुनाव परिणामों को प्रभावित करेंगे।

**पावन प्रसंग**

## खुश रहने के लिए सकारात्मक रहें

खुशियों हर किसी के जीवन में बहार लाती है ।; इसलिए सभी अपने जीवन में खुशियां चाहते हैं और खुशी पाने के लिए कोई भी काम करना पसंद करते हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो खुशियां आंतरिक होती हैं । बाहरी वस्तुएं एवं परिस्थितियां हमें जो खुशी देती हैं, वह अस्थायी होती है । यदि स्थायी खुशी की तलाश करनी है तो उसे अपने भीतर ही खोजना होगा, क्योंकि खुशियों का खजाना कहीं बाहर नहीं, बल्कि मनुष्य के अंदर ही छिपा होता है- उसके दृष्टिकोण में, उसके नजरिए में, उसकी समझ में और उसके संतोष में । जीवन में बहुत सी ऐसी छोटी-छोटी चीजें होती हैं, जिनसे हम खुशी हासिल कर सकते हैं और अपने अंतर्मन को पल भर के लिए खुशी से लबालब कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें कोई महत्व नहीं देते और अपने खुश रहने के क्षणों को गवां देते हैं ।

खुशी उनसे दूर भागती है. जो हर क्षण चिंता, परेशानी व तनाव में होते हैं । ऐसे व्यक्ति खुशियों के अवसर में भी खुश नहीं रह पाते, क्योंकि वे पहले से ही नकारात्मक तत्वों से भरे रहते हैं । जैसे पानी से भरे हुए गिलास में और पानी नहीं डाला जा सकता, उसी तरह तनाव, चिंता से लबालब भरे हुए व्यक्तियों के अंदर खुशियां नहीं डाली जा सकतीं । खुशियां चाहिए तो ग्रहणशील बनना होगा । खुशियों के अवसरों को पहचानना होगा और उन्हें स्वीकारना होगा ।

खुशियां मीठे पानी की तरह होती हैं । वे हमें तृप्त करती हैं । जिस तरह संसार में पानी की नदियां बहती हैं, झरने बहते हैं, तालाब होते हैं, कुएं होते हैं, उसी तरह संसार में खुशियों की भी लहरें हैं, झरने हैं । जिस तरह नदी, झरनों से पानी पीने के लिए हमें उनके समीप जाना पड़ता है, लेकिन यदि कुआं हमारे पास है तो जब चह चाहे तब हम अपनी प्यास बुझा सकते हैं, उसी प्रकार खुशियों के लिए यदि हम बाहरी स्त्रोतों व तत्वों पर निर्भर हैं तो हमें उनका इंतजार करना पड़ता है और यदि कुएं की तरह खुशी का स्त्रोत हम अपने भीतर तलाश लेते हैं तो हमें कहीं भटकना नहीं पड़ता । संत, महात्मा निश्चित तौर से खुशी के आंतरिक स्त्रोतों को हस्तगत कर लेते हैं, तभी तो वे दूसरों को खुशी दे पाते हैं, और स्वयं भी आनंद में रहते हैं । हम खुशी पाने के लिए क्या-क्या नहीं करते, लेकिन फिर भी हम वह खुशी हासिल नहीं कर पाते, जिसकी हमें चाह होती है, इसलिए हम अतृप्त ही रह जाते हैं । यदि खुशी मिलती भी है तो थोड़े समय के लिए, फिर हम जहां थे, वहीं खड़े रह जाते हैं । कभी-कही हम एक ही तरह की जिंदगी जीते-जीते ऊब जाते हैं, नीरस व उदास महसूस करने लगते हैं, लेकिन ऐसी जिंदगी से दुखी भी नहीं होते । येल यूनिवर्सिटी में दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक डा. जोशुआ नॉबे का मानना है कि जब हम किसी उद्देश्य के साथ जुड़कर किसी काम में लगे रहते हैं तो हमें जिंदगी से ऊब महसूस नहीं होती, क्योंकि उद्देश्य पूरा करने में हम कभी भी एक ही तरह से कार्य नहीं करते, वरन कार्य को विभिन्न तरह से करते हैं और अपनी जिंदगी में खूबसूरत अनुभवों के रंग भरते हैं, जिनसे हमें खुशी मिलती है । लोक यह सोचते हैं कि लक्ष्य या उद्देश्य के पूरा होने पर व्यक्ति को खुशी मिलती है, लेकिन यह अधूरा सच है, क्योंकि लक्ष्य की ओर बढ़ना भी व्यक्ति को उतनी ही खुशी देता है, जितनी उसे पा लेने पर मिलती है । जब हम अपने निर्धारित कामों को पूरा कर लेते हैं, तो वे हमें खुशी देने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी देते हैं । सही रास्ते पर चलने से भी हमें आंतरिक खुशी व सुकून मिलता है । किसी जरूरतमंद की मदद करने में भी हमें खुशी मिलती है । यदि हमें खुशी चाहिए तो जीवन में नकारात्मक तत्वों से अपना बचाव करना होगा । इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि हम अपने दृष्टिकोण को बदलें, जीवन के सकारात्मक पहलुओं को देखना सीखें और उत्कृष्ट जीवन जीने की ओर अपने कदम बढ़ाएं ।

**युग निर्माण योजना**

**आपके पत्र**

## कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है

भारत की एक प्राचीन कहावत है- जर जोरु और जमीन जोर की नहीं तो किसी और की। इसी कहावत के आधार पर प्राचीन काल ने राजाओं, जागीरदारों, भूमिहारों तथा सम्राटों में धन लिप्सा के कारण एक दूसरे के खजाने को लूटने के लिये परस्पर लड़ाई होती थी। जो उसमें जीत जाता व लूट का माल अपने कब्जे में कर लेता था। इसी कारण राज्य लिप्सा और अपने राज्य का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिये दो राजाओं में परस्पर युद्ध होता था।

व्यवहारिक जगत में वैर-विरोध धन के लिये, स्त्री के लिये, जमीन जायदाद के लिये जाति संप्रदाय अपराधों के प्रतिशोध और अहंकार युक्त वाणी के कारण परस्पर वैर बढ़ जाती है। इतिहास ऐसे अनेक युद्धों और परम्परा वैर विरोध से भरा पड़ा है। जातिगत वंशगत विद्वेष तो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। पांच-सात पीढ़ियां बीत जाती है फिर भी दोनों पक्ष के लोग उस वैर विरोध को भूलते नहीं है।

संप्रदाय मत-पंथ को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी परस्पर वैर विरोध, लड़ाई वाद-विवाद और रक्तपात हुआ है। हम रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान और हाल में इजराइल और हमास का युद्ध आंखों से देख रहे हैं। वैर-विरोध समय समय पर होता रहता है। हिन्दू - मुसलमान का संघर्ष भी विरोध के कारण होता है जबकि अहिंसा का प्रयोग और विकास भारत में सदियों पहले हो चुका है। जैनों में भी जरा से साम्प्रदायिक मतभेद को लेकर संघर्ष, विद्वेष और विरोध उभर आता है। इसका मुख्य कारण अधिकार है। काम, क्रोध, मोह-लोभ, अहंकार आदि विषैले विकार है। उन विकारों के कारण उत्पन्न विरोध कभी भी शांत नहीं हो सकता।

अनेकांतवाद को ताक में रखकर केवल अपने अहंकार को अधिकार एवं स्वार्थ को लेकर परस्पर संघर्ष भी जैन या अजैन संप्रदायों में चलता रहता है। इससे वैमनस्य बढ़ता है। भयंकर अशुभ कर्मबंधन होता है। इसका कोई भी शांत दिल से विचार करने को तैयार नहीं है। राज्य को लेकर ही नहीं अपने से भिन्न राष्ट्र को दुश्मन समझकर पाकिस्तान आजाद हुआ। तभी से तरह-तरह से भारत के साथ विभिन्न तरीकों से लड़ रहा है। इसी का संघर्ष पंजाब में सिखों का और असम में बोडो का संघर्ष सरकार के साथ चला।

एक दूसरे की कटु आलोचना, आक्षेप, प्रत्याक्षेप के कारण वैर विरोध चलता है। यह अनुचित है। इससे राष्ट्र भक्ति के बदले पक्ष भक्ति ही दृष्टिगोचर होती है। आज यह राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को विकसित देखकर ईर्ष्या वश किसी भी बहाने से भयंकर युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है। धनी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा, गुलाम और अविकसित करने के लिये तरह-तरह की पैंतरेबाजी करता है। यह कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## रूस-जापान को जोड़ने वाली समुद्री यात्री सेवा फिर शुरू

व्लादिवोस्तोक। रूस ने लंबे अंतराल के बाद जापान को जोड़ने वाला समुद्री यात्री परिवहन फिर से शुरू कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूसी शिपिंग कंपनी वोस्तोक टूर को इस सप्ताह व्लादिवोस्तोक और इशिकावा प्रान्त में नानाओ के जापानी बंदरगाह के बीच लाइनर जहाज लॉन्च करने की मंजूरी दी गई। पहली नाव प्लियोना, केवल कुछ यात्रियों को लेकर सोमवार को जापान के लिए रवाना हुई। कंपनी ने कहा कि लाइनर जहाजों का संचालन सप्ताह में एक बार किया जाएगा। जहाज में अधिकतम 43 यात्री बैठ सकते हैं।

# देश विदेश

### संयुक्त राष्ट्र ने दी जानकारी

# गजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद

■ अस्पतालों को हमलों से हुआ नुकसान
■ ईंधन की कमी के कारण भी हुए बंद

**संरा**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल ओर से गाजा पट्टी पर हवाई हमले लगातार जारी है। इजरायली हवाई हमलों से गाजा में एक तिहाई अस्पताल और आधे से अधिक स्वास्थ्य देखभाल क्लिनिक ईंधन की उपलब्धता नहीं होने से बंद हो गए है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के अनुसार यह जानकारी सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजा में एक तिहाई से अधिक अस्पताल यानी 35 में से 12 और लगभग दो-तिहाई स्वास्थ्य देखभाल क्लीनिक (72 में से 46) हमलों से होने वाले नुकसान या ईंधन की कमी के कारण बंद हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल के जनरेटर अगले 48 घंटों के भीतर काम करना बंद कर देंगे। उन्होंने बताया कि इज़रायल की ओर से पूरी तरह से की गयी नाकाबंदी के कारण और हवाई हमलों में हजारों घायलों को दी जाने वाली सुविधा पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। इज़रायल के बमबारी अभियान ने गाजा पट्टी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और यह स्थान नागरिकों के रहने की स्थिति में नहीं है और नागरिक सुविधाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं।



गाजा पट्टी में सात अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में की गयी भारी बमबारी में 58 पुलिस अधिकारियों और 305 जवानों सहित कुल 1405 लोगों की मौत हो गयी है और 5431 लोग घायल हो गए है। वहीं इजरायल पर हमले के दूसरे दिन से इजरायल सुरक्षा बल की ओर से गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमलों में अभी तक 1292 महिलाओं और 2360 बच्चों सहित 5791 नागरिकों की जान जा चुकी है और 16297 घायल हो गए है। जिनमें 2000 बच्चे और 1400 महिलाएं शामिल हैं।

## इजरायली हवाई हमले में 8 सीरियाई सैनिक मारे गए, 7 घायल

**दमिश्क**। युद्धग्रस्त देश की सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम आठ सीरियाई सैनिक मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सना समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी प्रांत दारा के ग्रामीण इलाकों में देर रात 1.45 बजे सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इससे पहले दिन में, इजरायली सेना ने पुष्टि की थी कि सीमा पार से रॉकेट दागे जाने के बाद लड़ाकू विमानों ने सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हवाई हमले किए थे। इजरायल रक्षा बलों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को सीरिया से इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च के जवाब में, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने सीरियाई सेना से संबंधित सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हमला किया। पिछले हफ्ते आईडीएफ ने आरोप लगाया था कि सीरिया इजरायल पर हमलों को समर्थन दे रहा है। रविवार को इजरायली सैनिकों ने अलेप्पो और दमिश्क हवाई अड्डों पर हवाई हमले किए, जिससे रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। उग्र इजरायल-हमास संघर्ष के बीच, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर देश के बाहर से हमले होंगे तो देश मजबूत स्थिति लेगा। गैलेंट ने ऐसी स्थिति में हिजबुल्लाह और सीरिया को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

### यूएन में बोले भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि

# संकट की घड़ी में इजराइल के साथ खड़े रहे मोदी

**संयुक्त राष्ट्र**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि, आर. रवींद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकट की घड़ी में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। इजराइल पर हमास के क्रूर हमले के बाद फिलिस्तीन पर आयोजित सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में मंगलवार को रवींद्र ने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने सबसे पहले जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना की थी। संकट की इस घड़ी में वह इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े रहे। इज़राइल में 7 अक्टूबर को हुए आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे और हम स्पष्ट रूप से उसकी निंदा करते हैं। 17 अक्टूबर को गाजा अस्पताल में हुए विस्फोट, जिसमें 425 से अधिक लोग मारे गए, पर उन्होंने कहा हमने जीवन की दुखद क्षति पर गहरा सदमा भी व्यक्त किया था। रवींद्र ने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।




इज़राइल ने विस्फोट के लिए इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह द्वारा इज़राइल को निशाना बनाकर किए गए एक असफल रॉकेट प्रक्षेपण को जिम्मेदार ठहराया है, जिस पर अमेरिका ने भी मुहर लगाई है। दूसरी ओर, फिलिस्तीनियों ने कहा है कि ये सब इज़राइल का किया हुआ है, परिषद की बैठक में कई देशों ने इस दावे को भी दोहराया। रवींद्र ने कहा कि संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर और चिंता का विषय है।

## सुडोकू 6357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 26 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन -विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क -आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह -स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या -आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला -अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक -आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु -शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर -आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ -आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन -आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गैबॉन, नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था की शीघ्र बहाली हो : एयू

**अदीस अबाबा**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफ्रीकी संघ (एयू) ने गैबॉन और नाइजर में हाल ही में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद संवैधानिक व्यवस्था में तेजी से वापसी के लिए अपना आह्वान दोहराया। एयू शांति और सुरक्षा परिषद की ओर से मंगलवार को अपनी नवीनतम बैठक के बाद यह नवीनतम आग्रह किया गया है। जिसमें दो अफ्रीकी देशों की स्थिति पर चर्चा हुई थी। एयू राजनीतिक मामलों, शांति और सुरक्षा विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक अपडेट में कहा, परिषद ने सरकार के असंवैधानिक परिवर्तन के लिए शून्य-सहिष्णुता की पुष्टि की और दोनों राज्यों में संवैधानिक व्यवस्था में तेजी से वापसी के लिए अपने आह्वान को दोहराया। परिषद ने आगे दोनों देशों में नागरिक शासन की वापसी के लिए 'एक स्पष्ट और समयबद्ध समय सारिणी' का आग्रह किया। परिषद ने नाइजर की स्थिति के संबंध में राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम और अन्य सभी बंदियों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई और उनके शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिक अखंडता की सुरक्षा सहित उनके मानवाधिकारों के सम्मान की अपनी मांग दोहराई।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य-प्रगति की समीक्षा की

■ अमृत भारत स्टेशनों की कार्य-प्रगति की समीक्षा
■ क्रू-प्रबंधन पर बल
■ रेलपथों को पार करने की घटनाओं को रोकने पर बल



**नई दिल्ली**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, गतिसीमा में वृद्धि, मालभाड़ा रेलगाड़ियों के रवानगी-पूर्व अवरोध और मालभाड़ा लदान जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने रेलपथों, रेल फाटकों के संरक्षा मानकों को बेहतर बनाने और हाई-स्पीड सेक्शनों में रेलपथों के किनारे चारदीवारी का निर्माण करने पर बल दिया। उन्होंने रेलपटरियों को पार करने की घटनाओं को गम्भीरता से लिया। उन्होंने संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलपथों के निकट अतिक्रमणों को हटाने के प्रयास करने का परामर्श दिया। महाप्रबंधक ने कहा कि रेल/वैल्ड दरारों को रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। रेल ज्वाइंटस और वैल्ड़ों के निरीक्षण और ल्यूब्रीकेशन को प्राथमिक आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने रात्रिकालीन गश्त को भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने क्रू-चेंज बिंदुओं पर क्रू-चेंज के कारण रेलगाड़ियों के गतिरोध पर चर्चा की और मंडलों को क्रू-चेंजिंग लाइनों/प्वाइंटों के दोनों सिरों पर बैठने की व्यवस्था वाले पोर्टा केबिनों के निर्माण का निर्देश दिया जिससे न्यूनतम सम्भावित समय में क्रू-चेंजिंग की जाये और क्रू-चेंजिंग के कारण होने वाले रेलगाड़ियों के विलम्ब को कम किया जा सके। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय विफलताओं को कम करने पर बल दिया। उन्होंने प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों से समयपालनबद्धता को बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

# एक्सीपिएंट्स और सॉल्वेंट्स पर हो निगरानी

**पंतनगर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाल में आई खबरों से सामने आया है कि भारत में कई दवा कंपनियां मानक से घटिया स्तर की निर्माण विधियों का प्रयोग कर रही हैं। इससे न केवल उनके ब्रैंड पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि व्यापक रूप से पूरे दवा उद्योग की छवि भी खराब हो रही है। नतीजतन, सरकार ने दवा कंपनियों और विशेष रूप से एमएसएमई को अगले 6-12 माह में निर्माण के लिए बेहतर तरीके अपनाने या जीएमपी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया है। आंकड़ों के अनुसार, कुल 10,500 निर्माताओं में से केवल दो हजार के पास ही 'जीएमपी सर्टिफिकेट' है। इससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है, जिसका समाधान सरकार को प्रयत्न करके खोजना है।

दवा संबंधी उत्पादों में मानक और निर्माण-विधियों में सुधार पर निगरानी के साथ जीएमपी सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, सरकार को एपीआई, फाइनल फॉर्म्युलेशंस और दवा उत्पादों के निर्माण के लिए भारतीय दवा निर्माताओं द्वारा आईपीए, एसीटोन, एमडीसी और मेथनॉल जैसे फार्माकोपिया मोनोग्राफ्ड सॉल्वेंट्स/एक्सीपिएंट के प्रयोग पर भी अधिक सजग रुख अपनाना चाहिए। दि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 की दूसरी अनुसूची के खंड-16 के अनुसार, फार्माकोपिया का मानक, इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (आईपीसी) और राज्य की अन्य नियंत्रण इकाइयों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखना जरूरी होता है।

राज्य की नियंत्रण इकाई के साथ काम कर चुके श्री विकास बयानी का कहना है, ब्रैंड की अच्छी छवि तैयार करने के लिए किसी भी कंपनी को बरसों तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और ढेरों तरीके अपनाने पड़ते हैं। लेकिन, जीएमपी नियमों का पालन नहीं करने, सरकार की नजर में आने और मीडिया की सुर्खियां बन जाने से कुछ ही दिनों में ब्रैंड की छवि और कॉरपोरेट साख खराब हो सकती है। जीएमपी से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने वाले और जरूरी सर्टिफिकेट नहीं लेने वाले निर्माताओं पर नजर रखने के साथ-साथ सरकार अब दवा कंपनियों द्वारा संचालित प्रत्येक प्लांट का विवरण भी हासिल कर रही है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सरकार को इसी तरह का अभियान उनके खिलाफ भी चलाना चाहिए, जो सॉल्वेंट के प्रयोग के नियम-कानूनों की ओर आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं। वास्तव में, फार्माकोपिया स्तर की विश्वसनीय सामग्री का प्रयोग करना, किसी भी प्रकार की अच्छी निर्माण विधि को लागू करने की दिशा में पहला कदम होगा। हम पहले ही देख चुके हैं कि हाल में विदेश में किस प्रकार अनेक दवा उत्पाद नियंत्रण इकाइयों की निगरानी में आए हैं। इससे भारतीय दवा उद्योग ही नहीं, बल्कि दुनिया में अग्रणी दवा निर्माता के रूप में भारत की भी साख और छवि पर धब्बा लगा है। आजकल नकली दवाइयों के कारण दवा कंपनियों की घटती ब्रैंड वैल्यू से भारतीय निर्यात पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बियानी ने आगे कहा, 'पिछले कई वर्षों से, हम सरकार से निवेदन कर रहे थे कि दवा निर्माण में भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) या अंतरराष्ट्रीय फार्माकोपिया द्वारा निर्धारित मानकों को सख्ती से लागू कराया जाए।

## वर्ग पहेली 6357

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | | | | ६ | | | | | |
| ७ | | | | | | ८ | | | ९ |
| | | | | १० | | | | | |
| | ११ | | १२ | | | | १३ | | |
| | | | | | १४ | | | | |
| १५ | | १६ | | | | | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. महत्ता (उर्दू)
४. अंत, समाप्ति, मृत्यु
६. बहरा
७. शुरूआत
८. धनी (उर्दू)
१०. घर
११. हृदय, मन
१३. अग्नि
१४. शक्ति, अलौकिक शक्ति ऐश्वर्य, गौरवान्वित
१५. जंगलों में विचरण करने वाला
१७. पानी युक्त, भीगा हुआ, अश्रु पूर्ण
१९. रहित
२१. पराजित, हारा हुआ
२२. गौतमबुद्ध की पत्नी, श्रावण मास की चौथी रात
२४. मूर्ख, अविवेकी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. अर्थ, मतलब
२. सांठ-गांठ
३. मुस्कुराहट (उर्दू)
४. अभिलाषा, कामना (उर्दू)
५. किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाला, वादक (उर्दू)
९. किसी इमारत-व्यक्ति आदि की रक्षा करने वाले व्यक्तियों का दल
११. काजल
१२. पवन, वायु, हवा
१३. वर्षा ऋतु
१४. सीता
१५. जंगल की पैदावार
१६. गाय, चार स्तनों वाली
१८. पैदायशी अंधा
१९. ठहराव, अंत, विश्राम
२०. नीति, नम्रता, व्यवहार
२३. मार्ग, पथ (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6356

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि | थ्या | २ व | च | ३ न | ■ | ४ हि | रा | ५ स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | ६ व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| ७ चा | त | क | ■ | यु | ■ | ८ क | मा | य | ९ ज |
| री | ■ | र | ■ | १० व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | ११ आ | ण | १२ वि | क | ■ | ■ | १३ त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | १४ वि | हा | न | ■ | त्रि |
| १५ नि | रा | १६ म | य | ■ | श्रा | ■ | १७ या | १८ चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | १९ त | म | २० स | ■ | ड़ि | ■ |
| २१ त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | २२ फ | रि | या | २३ द |
| त | ■ | २४ न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1905-नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।
1934-महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।
1937-हिंदी सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर का जन्म।
1943-कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।
1947-राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।
1950-संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।
1951-विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
1969-चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।
1975-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।
1976-त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।
1980-इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।
1981-भारत के प्रसिद्ध कन्नड़ कवि और साहित्यकार दत्तात्रेय रामचन्द्र बेंद्रे का निधन।
1994-इजरायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।
1999-उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।

**परेशानी** हवाई अड्डे पर कई हमलावर ड्रोनों को मार गिराया गया

# इराक, सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में चौबीस सैनिक घायल

**वाशिंगटन**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इराक और सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हुए हमलों में लगभग 24 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता ने एक बयान में यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, अमेरिका और गठबंधन बलों के खिलाफ लॉन्च किए गएकई एकतरफा हमले वाले ड्रोन सीरिया के अल-तनफ गैरीसन में नष्ट हो गए। 20 कर्मियों को मामूली चोटें आईं।

उन्होंने कहा कि इराक में अल-असद हवाईअड्डे पर अमेरिकी और गठबंधन बलों के खिलाफ दो अलग-अलग हमलों में अन्य चार अमेरिकी सैनिकों को भी मामूली चोटें आईं।

प्रवक्ता ने कहा, हवाईअड्डे पर कई हमलावर ड्रोनों को मार गिराया गया, लेकिन एक ड्रोन ने अंदर छोटे विमानों के साथ एक हैंगर को नष्ट कर दिया। इससे पहले दिन में, पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले सप्ताह में मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना के खिलाफ 13 हमले हुए हैं। इराक में 10 और सीरिया में तीन हमले हुए। पेंटागन के अनुसार, इराक में लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक



## मध्य पूर्व में अमेरिका की हस्तक्षेपवादी रणनीति : विवेक

वाशिंगटन। अमेरिकी राजनीतिक पार्टी रिपब्लिकन के राष्ट्रपति पद के नामांकन के दावेदार विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका की मध्य पूर्व में पुरानी हस्तक्षेपवादी रणनीति है। श्री रामास्वामी ने मंगलवार को हडसन इंस्टीट्यूट में कहा, वे हम पर उन जगहों पर हमला कर रहे हैं जहां हमें नहीं होना चाहिए था। हम सीरिया में क्यों हैं , हम इराक में क्यों हैं , हमें इनमें से किसी भी जगह पर नहीं होना चाहिए था। वर्तमान में इस तरह की रणनीति को आगे बढ़ाने में कुछ बुरे इरादे शामिल हैं, लेकिन यह ज्यादातर हस्तक्षेपवादी विदेश नीति का एक पुराना दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा, इसने हमें हमला करने की स्थिति में ला दिया है। श्री रामास्वामी ने कहा कि जैसे-जैसे इजरायल गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण की ओर बढ़ रहा है, चिंता बढ़ती जा रही है।

## दुनिया को जानें

# जलवायु विशेषज्ञ पृथ्वी पर रिकॉर्ड चरम सीमा दर्ज करने को लेकर चिंतित

**सिडनी**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। जलवायु वैज्ञानिकों की एक वैश्विक टीम ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पृथ्वी पर जीवन खतरे में है। इस टीम ने कहा कि ग्रह के 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 20 की पहचान उनके रिकॉर्ड चरम पर की गई है। बायो साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे चल रही मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर अभूतपूर्व दबाव पैदा हुआ है। रिपोर्ट के प्रमुख आंकड़ों में वार्षिक कोयले की खपत 2022 में 161.5 एक्साजूल के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। महासागर की अम्लता, ग्लेशियर की मोटाई और ग्रीनलैंड का बर्फ द्रव्यमान 2022 और 2023 के बीच रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया, जबकि 20 साल के औसत के सापेक्ष समुद्र का स्तर 58.1 मिलीमीटर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शोध दल ने तर्क दिया कि पृथ्वी पर जलवायु एक 'अज्ञात क्षेत्र' की ओर बढ़ रही है, जहां मानवता के इतिहास में किसी ने भी प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा है। जलवायु संबंधी कई रिकॉर्ड 2023 में टूटे हैं, जिससे चरम मौसम के खतरे पर बेचैनी बढ़ गई है।

# देश

**उवाच**

"पूरा देश कर्नाटक की ओर देख रहा है। हम मीडिया को उस तरह नियंत्रित नहीं कर रहे हैं, जैसा कि अन्य राज्यों में किया जाता है। मीडिया लोकतंत्र का एक हिस्सा है।"

-डी.के.शिवकुमार, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 29.0 |
| मुंबई | 33.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# रेवड़ी पर व्याख्यान में मोदी व्यस्त : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बुधवार को अक्टूबर 2023 के लिए आरबीआई के नवीनतम बुलेटिन पर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक आर्थिक रुझान दिखाता है। यह नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था के लगातार कुप्रबंधन को दर्शाता है। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दूसरों को रेवड़ी (मुफ्त उपहार) पर

- **आर्थिक माहौल को लेकर रिजर्व बैंक के बुलेटिन पर की केंद्र सरकार की आलेचना**
- **सरकार का राजकोषीय घाटा 20 प्रतिशत बढ़ गया है**



**मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का लगातार कुप्रबंधन किया है : जयराम रमेश**

व्याख्यान देते हैं, जबकि उनकी सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में पिछले साल की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर 6.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अक्टूबर 2023 का आरबीआई बुलेटिन बेहद चिंताजनक आर्थिक रुझान दिखाता है। यह देश की अर्थव्यवस्था के बारे में मोदी सरकार के निरंतर कुप्रबंधन को दर्शाता है। उन्होंने सितंबर 2023 के बुलेटिन को याद करते हुए कहा कि कई नकारात्मक संकेतक सामने आए हैं। इनमें बचत वृद्धि दर में 47 साल का निचला स्तर, निजी क्षेत्र के लिए घरेलू ऋण का ठहराव और एक सपाट श्रम-बल भागीदारी दर प्रमुख है।

उन्होंने आगे कहा कि ये रुझान या तो स्थिर बने हुए हैं या खराब हो गए हैं। पार्टी के संचार प्रभारी रमेश ने कहा कि शुद्ध बचत वृद्धि दर घटने का एक प्रमुख कारण यह है कि घरेलू देनदारियों में भारी वृद्धि हुई थी। वित्त मंत्रालय के भ्रामक दावे के बावजूद कि यह वृद्धि होम और ऑटो लोन के कारण है, सितंबर बुलेटिन में स्पष्ट कहा गया है कि गोल्ड लोन में 23 प्रतिशत और पर्सनल लोन में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर का आरबीआई बुलेटिन इस तथ्य की पुष्टि करता है कि अगस्त 2023 में बैंक ऋण वृद्धि में पर्सनल लोन का सबसे ज्यादा योगदान था। इसमें 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गोल्ड लोन 22 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वास्तव में, पिछले 15 महीने से गैर-आवासीय पर्सनल लोन 20 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रहे हैं। कम से कम पिछले 15 साल में ऐसा नहीं हुआ था। रमेश ने यह भी कहा कि इस बीच, औद्योगिक क्षेत्र के ऋण उठाव की वृद्धि दर, जो निवेश और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है, की गति धीमी रही। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 में यह साल-दर-साल केवल 6.1 प्रतिशत थी, जो पिछले साल की तुलना में लगभग आधी और 2013 के मुकाबले एक-तिहाई थी।

इस बीच, उद्योग को मिलने वाला बैंक ऋण, जो 2013 में गैर-खाद्य ऋण का 46 प्रतिशत था, 2023 में घटकर केवल 24 प्रतिशत रह गया। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा जबकि प्रधानमंत्री रेवड़ी और राजकोषीय जिम्मेदारी पर दूसरों को व्याख्यान देते हैं, जबकि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। यह पिछले साल के मुकाबले लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 की पहली तिमाही 6.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार कर्ज ले रही है जिससे भविष्य में देश के नागरिकों पर बोझ पड़ेगा और कम घाटा दिखाने के लिए राज्यों को कर हस्तांतरण कम करके संघवाद के सभी सिद्धांतों का उल्लंघन कर रही है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि निर्यात मंदी से सबसे ज्यादा प्रभावित एमएसएमई हैं, जिन्हें कम मुनाफे और उच्च लागत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है 2004-2014 तक निर्यात प्रति वर्ष औसतन 14 प्रतिशत की दर से बढ़ा, मोदी सरकार के तहत निर्यात वृद्धि दर में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट आई और यह केवल छह प्रतिशत पर रह गई।

## मुद्रास्फीति 6.8 फीसदी पर नियंत्रण से बाहर है : कांग्रेस

महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि मुद्रास्फीति 6.8 फीसदी पर नियंत्रण से बाहर है, जो आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर है। आरबीआई ने अनाज, दालों और मसालों पर लगातार मुद्रास्फीति के दबाव का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश भारतीयों को अपनी आय पर मूल्य वृद्धि के दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बुनियादी भोजन, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मेक इन इंडिया की विफलता और पीएलआई योजनाओं की निष्प्रभाविता इस तिमाही में चार प्रतिशत से भी कम निर्यात वृद्धि में झलकती है।

## मोदी का महाराष्ट्र व गोवा दौरा आज

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के शिरडी पहुंचेंगे, जहां वह श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। वह मंदिर में नए दर्शन परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध के एक नहर नेटवर्क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शिरडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह स्वास्थ्य, रेल, सड़क और तेल जैसे क्षेत्रों में लगभग 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और कुछ की आधारशिला रखेंगे।



शिरडी में प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने वाला नया दर्शन परिसर नवीनतम तकनीक से पूर्ण एक आधुनिक विशाल भवन है जिसकी परिकल्पना भक्तों को आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र प्रदान करने के लिए की गई है। यह दस हजार से अधिक भक्तों के बैठने की क्षमता वाले कई प्रतीक्षा हॉलों से सुसज्जित है। इसमें क्लॉक रूम, शौचालय, बुकिंग काउंटर, प्रसाद काउंटर, सूचना केंद्र आदि जैसी वातानुकूलित सार्वजनिक सुविधाओं का प्रावधान है।

## शांति व सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सहिष्णुता आवश्यक : द्रौपदी मुर्मू

**■ राष्ट्रपति भवन में आयोजित अंतरधार्मिक बैठक में लिया भाग**

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सहिष्णुता और एक-दूसरे के प्रति सम्मान के महत्व को समझना जरूरी है। राष्ट्रपति ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक अंतरधार्मिक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक विश्वास और प्रथाएं विपरीत परिस्थितियों में राहत, आशा और शक्ति प्रदान करती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि धर्म जीवन में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक विश्वास और प्रथाएं हमें विपरीत परिस्थितियों में राहत, आशा और शक्ति प्रदान करती हैं। प्रार्थना और ध्यान मनुष्यों को आंतरिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का अनुभव प्रदान करने में मदद करते हैं। लेकिन शांति, प्रेम, पवित्रता और सत्य जैसे मौलिक आध्यात्मिक



**धार्मिक विश्वास व प्रथाएं विपरीत परिस्थितियों में शक्ति देती हैं : राष्ट्रपति**

मूल्य हमारे जीवन को सार्थक बनाते हैं। इन मूल्यों से रहित धार्मिक प्रथाएं हमें लाभान्वित नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, सहिष्णुता, परस्पर सम्मान और सद्भाव के महत्व को समझना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी का सहयोग आवश्यक होगा।

### प्रत्येक मानव आत्मा स्नेह व सम्मान की हकदार

मुर्मू ने कहा कि प्रत्येक मानव आत्मा स्नेह और सम्मान की हकदार है। आत्मबोध का भाव, मूल आध्यात्मिक गुणों के अनुसार जीवन-यापन करना और परमात्मा के साथ आध्यात्मिक संबंध रखना ही सांप्रदायिक सद्भाव और भावनात्मक एकीकरण का सहज साधन है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रेम और करुणा के बिना मानवता का अस्तित्व नहीं है। जब विभिन्न धर्मों के लोग सद्भाव से एक साथ रहते हैं, तो समाज और देश का सामाजिक ताना-बाना सुदृढ़ होता है। यही शक्ति देश की एकता को और मजबूत करती है तथा उसे प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ दो दिन की यात्रा पर उत्तराखंड जाएंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को उत्तरखंड की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्य में उनकी यह पहली यात्रा होगी। उनके साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी होंगी। धनखड़ यात्रा के पहले दिन गंगोत्री जायेंगे और अगले दिन केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के दर्शन भी करेंगे। उपराष्ट्रपति वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित कंट्री लेड इनिशिएटिव (सी एल आई) के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। उनका देहरादून राजभवन जाने का भी कार्यक्रम है।

### बेंगलुरु में विमान से एक किलो सोने का बार बरामद

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने अबू धाबी से आए एक विमान की तलाशी ली और वॉशरूम में छिपाए गए एक पाउच में एक किलोग्राम सोने की ईंट बरामद की। यह जानकारी बुधवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान में कहा गया है, 24 अक्टूबर को एयर कस्टम्स के अधिकारियों ने फ्लाइट ईवाई 238 में तलाशी ली, जो अबू धाबी से आई थी। तलाशी के दौरान विमान के वॉशरूम में ब्लैक कलर का पाउच मिला, जिसमें सोने का पेस्ट था। 80,21,920 लाख रुपये कीमत का 1331.66 ग्राम सोना बरामद किया गया।

### देर रात पूर्व सीएम हरीश रावत की कार दुर्घटनाग्रस्त, अस्पताल में भर्ती

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी से मंगलवार रात काशीपुर जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की कार डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में हरीश रावत घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें काशीपुर के अस्पताल केवीआर में भर्ती कराया। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत बताई जा रही है। इस घटना में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार पूर्व सीएम हरीश रावत मंगलवार रात अपनी कार से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ हल्द्वानी से काशीपुर जा रहे थे।

### सुडोकू 6357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

## कानपुर में संक्रमित खून चढ़ाने की लापरवाही शर्मनाक : खड़गे

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना को गंभीर लापरवाही और शर्मनाक स्थिति बताते हुए कहा है कि केंद्र तथा राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने व्यवस्था को डबल बीमार बना दिया है। खडगे ने बुधवार को यहां जारी बयान में भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को डबल बीमार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिससे इन बच्चों को एचआईवी एड्स और हेपेटाइटिस बी, सी जैसी चिंताजनक बीमारियां हो गई हैं। उन्होंने कहा ये गंभीर लापरवाही शर्मनाक है। मासूम बच्चों को भाजपा सरकार के इस अक्षम्य अपराध की सजा भुगतनी पड़ रही है। मोदी कल हमें 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे थे, क्या उन्होंने कभी अपनी भाजपा सरकारों की रत्ती भर भी जवाबदेही तय की है।



**■ उप्र की भाजपा सरकार ने व्यवस्था को बनाया डबल बीमार**

# बच्चियों को बचाने के बारे में सोचें शिवराज : कांग्रेस

**भोपाल,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आज एक बार फिर सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बच्चियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की है और वे इस बारे में सोचें।

सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया कि शिवराज कन्या पूजन के नाम पर अपहरण कहां हो रहा है। आप देख रहे हैं कि नहीं इसी भोपाल में आपकी नाक के नीचे। मुझे टार्गेट करने से समय बचा हो तो जरा बच्चियों को भी बचा लीजिए। बेटियों की सुरक्षा भी फिलहाल आपकी ही जिम्मेदारी है। इसके पहले सिंह ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री चौहान के नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन को लेकर भी बयान दिया था। इसके बाद चौहान ने मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर अपने बयान में कहा कि बेटियों की पूजा सनातन संस्कार है, लेकिन इसको लेकर भी नाटक नौटंकी की बात की जा रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सनातन और शिवराज का विरोध करते हुए कोई नेता इतने निचले स्तर पर पहुंच जाएगा कि उन्हें बेटियों के सम्मान से भी तकलीफ होने लगी है। इसके बाद बुधवार सुबह सिंह ने इस मामले को लेकर फिर चौहान से सवाल किया है। दरअसल राजधानी भोपाल में दो दिन पहले कन्या पूजन के बहाने एक गिरोह ने दो मासूम बच्चियों को अगवा कर लिया था। इस बीच पुलिस ने कोलार क्षेत्र में एक किराए के मकान दबिश दी, जिसमें अपहृत बच्चियां मिली, जिन्हें पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से मुक्त करा लिया और मौके से एक नाबालिग लड़की सहित पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

**मप्र में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर फिर प्रदेश सरकार को घेरा**



**मुझे टार्गेट करने से समय बचा हो तो जरा बच्चियों को भी बचा लीजिए : दिग्विजय सिंह**

पकड़े गए परिवार के पास से दो और बच्चियां मिली हैं, इनमें एक तीन माह की है तथा एक ढाई वर्ष की है। पूछताछ में आरोपियों ने इन बच्चियों को अपनी बच्चियां बताया, लेकिन पुलिस को मामला संदेहास्पद लग रहा था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि माताओं और बहनों के लिए अपशब्दों का उपयोग करने वाले कांग्रेस के दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे नेताओं की क्या हैसियत है जो वे आंख मिला कर बात कर सकें। चौहान यहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का नामांकन दाखिल कराने के लिए आए थे। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया।


### स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाएंगे : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाया जाएगा। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के 18 साल के कार्यकाल में प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शामिल हो गया है। यहां बीमार और गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस नहीं मिलती, आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज नहीं मिलता, मृतकों का उपचार दिखाकर घोटाला किया जाता है और व्यापम तथा नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटालों से प्रदेश की छवि खराब की जाती है।

## कार खाई मे गिरने से 6 की मौत

**पिथौरागढ़,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद से दुखद खबर सामने आ रही है। यहां धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग पर गर्बाधार के समीप आदि कैलाश यात्रियों को ला रही यात्री जीप 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जीप में चालक सहित छह यात्री सवार थे। इस हादसे में सभी की मौत हो गई है। इनमें चार लोग बेंगलुरू के बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। मिली जानकारी के अनुसार आदि कैलाश यात्रियों को लेकर धारचूला की ओर लौट रही जीप मंगलवार को करीब ढाई बजे गर्बाधार के पास 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। सूचना पर धारचूला, पांगला थानों से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हुई। इसी दौरान क्षेत्र में बारिश होने से पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। इसके चलते जवान रेस्क्यू के लिए खाई में नहीं



- **पिथौरागढ़ के धारचूला-गूंजी मोटर मार्ग पर हुआ हादसा**
- **कैलाश यात्रा से लौट रहे थे मृतक**
- **एसडीआरएफ मृतकों की खोज में चला रही रेस्क्यू अभियान**

उतर सके। फिर तलाश अभियान आज सवेरे शुरू हुआ है।

दुर्घटनाग्रस्त जीप में जिन लोगों के सवार होने की बात कही जा रही है उनके नामों की सूची पुलिस को आईटीबीपी से मिली है। इस सूची के अनुसार जीप में बैंगलुरू निवासी आदि कैलाश यात्री सत्यवर्धा परीधा उम्र 59 वर्ष, नीलापा आनंद, मनीष मिश्रा और प्रज्ञा वारसम्या सवार थे जबकि जीप में सवार हिमांशु कुमार और वीरेंद्र कुमार स्थानीय थे। घटना की सूचना के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत और बचाव को व्यापक रूप से चलने के निर्देश दिए हैं तथा उन्होंने धारचूला-लिपुलेख सड़क मार्ग पर लखनपुर के समीप सड़क दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। बताया जाता है कि वाहन संख्या यूके 04 टीबी 2734 गुंजी से धारचूला जाते समय तंपा मंदिर के पास गहरी खाई में गिर गया। जिसमे सवार 6 लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिथौरागढ़ के लखनपुर के पास यात्रियों से भरी बोलेरो काली नदी में समाई जिसमें सवार 6 लोगों की मौत हो गई। बोलोरो में सवार सभी यात्री आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे थे।

**सीएम धामी के नाम जुडी एक ओर बड़ी उपलब्धि**

## जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की मिली मंजूरी

**देहरादून,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि इस बांध परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ होने से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का हल होगा। उत्तराखण्ड के जनपद नैनीताल में काठगोदाम से 10 किमी अपस्ट्रीम में गौला नदी पर जमरानी बांध (150.60 मी0 ऊंचाई) का निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 1,50,000 हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगा, साथ



ही हल्द्वानी शहर को वार्षिक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराए जाने तथा 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का प्रावधान है। विदित हो कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहद एवं मध्यम) के अन्तर्गत जमरानी बांध परियोजना के वित्त पोषण हेतु निवेश स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने स्वीकृति प्रदान की थी। इस स्वीकृतियों के उपरान्त पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड, वित्त मंत्रालय भारत सरकार को वित्तीय स्वीकृति के लिए जल शक्ति मंत्रालय ने प्रस्ताव प्रेषित

**सीएम ने जताया प्रधानमंत्री का आभार**

किया था। प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय ने इसी वर्ष मार्च माह में आयोजित पीआईबी की बैठक में सहमति व्यक्त की। भारत सरकार ने 1730.20 करोड़ रूपए की स्वीकृति पीएमकेएसवाई में 90 प्रतिशत (केन्द्रांश) 10 प्रतिशत (राज्यांश) के अन्तर्गत प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। जमरानी बांध परियोजना से प्रभावित 351.55 हेक्टेयर वन भूमि सिंचाई विभाग को हस्तांतरित करने के लिए वन भूमि (स्टेज-2 ) अंतिम स्वीकृति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने माह जनवरी 2023 में प्रदान कर दी गयी है, जिससे प्रस्तावित बांध निर्माण की राह और आसान होगी तथा परियोजना प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए प्राग फार्म की प्रस्तावित 300.5 एकड भूमि का प्रस्ताव 18 मई 2023 को उत्तराखण्ड सरकार की कैबिनेट में पारित किया जा चुका है।

**लंबे समय से अटकी थी परियोजना, सीएम धामी के प्रयासों ने लाया रंग**

वर्ष 1975 से वित्त पोषण के अभाव में परियोजना का निर्माण प्रारम्भ नहीं हो सका परन्तु मुख्यमंत्री धामी के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप जमरानी बांध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। दरअसल, मुख्यमंत्री धामी इस अति महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठकों में लगातार अनुरोध करते रहे हैं।

**चुनौती** *आईबी व सीबीआई के लिए चुनौती बने पीएमओ के नाम पर जालसाजी के बढ़ते मामले*

# अब तक एक दर्जन से अधिक नटवरलाल पहुंचे सलाखों के पीछे

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीएम और पीएमओ के नाम पर ठगी इन दिनों पढ़े लिखे जालसाजों का सबसे प्रिय शगल बन गया है। ताकत और रसूख के सबसे बड़े पॉवर सेंटर के नाम का इस्तेमाल करके ठगी करने वाले करीब एक दर्जन से अधिक नटवरलाल अब तक सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। आईबी से लेकर सीबीआई तक ऐसे नए नवेले ठगों को ट्रैक करने का लगातार प्रयास कर** रही है लेकिन इसके बावजूद जालसाजी के ऐसे मामलें थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इंटैलीजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी के मुताबिक इसी साल मार्च महीने में गुजरात के रहने वाले एक जालसाज किरण पटेल को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया गया था।

किरण पटेल कई महीनों तक खुद को पीएमओ का एडीशनल सेक्रेट्री बताकर न सिर्फ सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल करता रहा बल्कि उसने पीएमओ को मिलने वाला सुरक्षा चक्र और प्रोटाकॉल भी हासिल कर लिया था। किरण पटेल की पत्नी मालिनी पटेल को भी बाद में गिरफ्तार किया गया था।



**■ 2017 से सामने आ रहे जालसाजी के मामले**

किरण पटेल को पीएमओ में किन लोगों से मदद मिल रही थी वह किसके लिए काम का रहा था ये सब आज तक रहस्य बना हुआ है। उसके खिलाफ अब तक धोखाधड़ी के सात मामले दर्ज किए जा चुके हैं। किरण पटेल से पहले भी पीएम के नाम का इस्तेमाल कर जालसाजों ने पहले भी धोखाधड़ी की है। सीबीआई के मुताबिक पीएमओ के नाम से चल रही योजनाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा करके जालसाजी के मामलें लगातार 2017 से ही सामने आ रहे हैं। पीएम मुद्रा लोन से लेकर पीएम आवास योजना के नाम पर अलग-अलग राज्यों में कहीं न कहीं ठगी के मामले सामने आते रहे हैं। लेकिन खुद को पीएमओ अफसर बताकर ठगी करने का नया ट्रेंड सामने आने के बाद सीबीआई और आईबी और खुद पीएमओ अलर्ट मोड में हैं।

किरण पटेल प्रकरण के बाद खुद नेशनल सिक्यूरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल ने आईबी और सीबीआई को पीएमओं के साथ समन्वय बनाकर ऐसे ऐसी शिकायतों की सख्ती से मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया था। हांलाकि इसके बाद भी अगस्त में यूपी एसटीएफ ने खुद को पीएमओ का अफसर बताकर ठगी करने वाले वाराणसी के संतोष सिंह उर्फ अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया था। जून 2023 में सीबीआई ने भी पीएमओ के एक फर्जी सहायक आयुक्त के नाम पर लोगों से ठगी का एक मामला दर्ज किया था।

उससे पहले 15 मई 2023 में वाराणसी में भी एक घटना सामने आई जिसमें रिटायर कर्नल उपेन्द्र राघव से खुद को प्रधानमंत्री मोदी की भतीजी कए महिला ने ने 21 लाख की ठगी कर ली। बॉक्स इसलिए झांसे में आ जाते है लोग आईबी के एक अधिकारी का मानना है कि पीएमओ में काम करने वाला अधिकारी बनकर पढ़े लिखे नटवर लाल एक चक्रव्यूह तैयार करते हैं कि आमतौर पर लोग पीएमओ से जानकारी हासिल करने में कतराते हैं कि अमुक व्यक्ति का पीएमओ से कोई संबध है या नहीं अथवा पीएम के नाम से चल रही योजना में लोगों को अमुक सुविधा दी जा रही है या नहीं।

जबकि पीएम को मेल भेजकर या पूछताछ कार्यालय में फोन करके कोई भी व्यक्ति ये शिकायत या जानकारी हासिल कर सकता है।

# प्रादेशिकी

## आबकारी ने छापेमारी कर दुकानों का किया निरीक्षण, कायमगंज में दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जनपद में जिला आबकारी अधिकारी सुधीर कुमार एवं आबकारी निरीक्षक आनंद सिंह ने मय स्टाफ द्वारा शहर क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया। आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चौबे ने मय स्टाफ कोतवाली–कायमगंज अन्तर्गत ग्राम–नरसिंहपुर में दबिश दी। दबिश के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर रोहित पुत्र सुभाष उर्फ नन्हे, निवासी–नरसिंहपुर–कायमगंज, चन्दन पुत्र राजकुमार, निवासी नरसिंहपुर कायमगंज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक सचिन त्रिपाठी ने मय स्टाफ के क्षेत्रान्तर्गत आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही कहा कि अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# संस्कार युक्त शिक्षा से सशक्त बनेगा राष्ट्र : योगी

- दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण समारोह में बोले मुख्यमंत्री
- आत्म अनुशासन व राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करती है शिक्षा



**लखनऊ/गोरखपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी राष्ट्र को सशक्त बनना है तो उसे समर्थ बनना पड़ेगा। और, समर्थ बनने के लिए वहां की शिक्षा की संस्कार युक्त बनाना पड़ेगा। शिक्षा ही हर व्यक्ति के भीतर आत्म अनुशासन की भावना पैदा करने, राष्ट्र के मुद्दों से जुड़ाव व समपर्ण का भाव पैदा करने का सशक्त माध्यम है।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर मंडल (देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर व महराजगंज जनपद) के 1086 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास एवं 64 ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन) लैब्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 14360 शिक्षकों को टैबलेट, 3780 को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स तथा 1207 दिव्यांग बच्चों को 1980 सहायक उपकरणों के वितरण का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अनुरूप ही व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का चरित्र होगा। सशक्त राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद शिक्षकों के परिश्रम व पुरुषार्थ पर टिकी है। शिक्षक ही तेजी से देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं। गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, संदीपनी, चाणक्य जैसे आदर्श गुरुजनो का उल्लेख करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कहा, श्रीराम, श्रीकृष्ण और चंद्रगुप्त को बनाने में इनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। शिक्षकों को इन आदर्श गुरुओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। एक शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है कि जब वह अपने बच्चों को समर्थ और योग्य बनाकर उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करता है। इसके लिए सबको स्वयं मूल्यांकन भी करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने कार्यों का मूल्यांकन नहीं करता है तो इसका मतलब वह अपने साथ समाज व राष्ट्र के साथ भी धोखा कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने विगत छह वर्षों में बेसिक शिक्षा विभाग में हुए आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विभाग नित नए अलंकरण जोड़ रहा है। कायाकल्प, स्मार्ट क्लास जैसे कार्यक्रमों के बीच हर शिक्षक को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने की जरूरत है। शिक्षक, विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों के साथ समय के अनुरूप अपने को जोड़कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ा पाएंगे तो इसके बेहतर परिणाम हम सबके सामने आएंगे। सीएम ने शिक्षकों से अपने कार्यों का दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, छमाही व वार्षिक मूल्यांकन करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय ऑपरेशन कायाकल्प से आच्छादित हो चुके हैं। जो इक्के दुक्के रह गए हैं, वहां शिक्षक जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों या पुरातन छात्रों से सहयोग ले सकते हैं।

## आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षकों को बदलते परिवेश में तकनीकी तकनीक दृष्टि से भी आगे बढ़ते रहना होगा। इसमें दिया जा रहा टैबलेट काफी सहायक हो सकता है। आने वाली पीढ़ी को नया मार्ग दिखाने के लिए भी तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक है। स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की स्थापना और टैबलेट वितरण कर सरकार इसमें अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे रहने के लिए हमेशा दो कदम आगे बढ़कर सोचना और उसके अनुरूप कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और उसके नियंत्रण का उल्लेख करने के साथ स्वच्छता को लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने की भी अपील की। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था वही है जिसमें निरंतर शोध हो। इसी को ध्यान में रखकर प्री प्राइमरी के रूप में आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा जा रहा है। जब तीसरे साल से ही बच्चा इन केंद्रों पर आएगा तो पांचवें साल स्कूल जाने पर उसे दिक्कत नहीं होगी।

# एक्सप्रेसवे पर चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क विकसित करेगी सरकार

**लखनऊ,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में विकास की नई गाथा लिख रही योगी सरकार आर्थिक, व्यापारिक और औद्योगिक उन्नति के साथ ही प्रदेश में एक्सप्रेसवे के कायाकल्प को लेकर भी व्यापक प्रयास कर रही है। चाहें बात अवसंरचना विकास की हो या फिर वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस करने की हो, सीएम योगी की मंशा अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में नए समीकरणों पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में, राज्य के यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर ई–व्हीकल के लिए बैटरी स्वैपिंग व्यवस्था युक्त चार्जिंग स्टेशंस के इंस्टॉलेशन के लिए भी योगी सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस क्रम में, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे रूट्स पर बैटरी स्वैपिंग व्यवस्था युक्त पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशंस की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पब्लिक चार्जिंग स्टेशंस का विकास पीपीपी मॉडल के आधार पर किया जाएगा तथा इन स्टेशंस के विकास के लिए इच्छुक आवेदकों से ई–टेंडर पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके साथ ही, आरपीएफ प्रक्रिया में चार्ज प्वॉइंट ऑपरेटर के लिए जरूरी दिशा–निर्देश भी जारी किए गए हैं। खास बात यह है कि चार्जिंग स्टेशंस के विकास के लिए चयनित आवेदनकर्ताओं को नॉमिनल लीज पर 10 वर्षों के लिए यूपीडा जमीन देगा। वहीं, बिहाइंड द मीटर पावर स्ट्रक्चर के विकास के लिए यूपीडा 100 प्रतिशत फाइनेंशियल सपोर्ट भी देगा।

### ई-मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा

यूपीडा द्वारा पीपीपी मॉडल पर आधारित पब्लिक चार्जिंग स्टेशंस के लिए ई–टेंडर पोर्टल के जरिए 20 अक्टूबर को निविदा प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार, 11 नवंबर से इच्छुक आवेदक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे तथा 28 नवंबर इसकी अंतिम तिथि होगी जिसके उपरांत 29 नवंबर को निविदा खुलेगी। इसके लिए टेंडर फीस 5900 रुपए रखी गई है जबकि ईएमडी अमाउंट 5 लाख रुपए रखी गई है। इस निविदा के जरिए चार्ज प्वॉइंट ऑपरेटर का चयन होगा जो पब्लिक चार्जिंग स्टेशन का विकास करेगा और यूपीडा उसे भूमि आबंटन समेत तमाम सहूलियतें देगा।

## सार संक्षेप

### आरोपी को मौके से दबोचा, लेकिन नामजद रिपोर्ट नहीं

**मेरठ।** सोमवार को स्कॉर्पियो से गुब्बारा बेचने वाले की कुचलकर मौत के मामले में सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। शराब पीकर गाड़ी चला रहे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार ने गुब्बारे वाले को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि अन्य 4-5 लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने एक आरोपी अनुभव गोयल को पकड़ लिया था। जिसके बाद आरोपी ने बताया कि उसके साथ 3 अन्य लोग भी गाड़ी में बैठे थे जो कि मौके से फरार हो गए लेकिन पहचान के बाद भी पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपी पर नामजद रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

### मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मेरठ।** सोमवार को बच्चे का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचे परिवार पर जूनियर डॉक्टरों ने हमला कर दिया था। डॉक्टरों की गुंडई का वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जबकि वायरल वीडियो में आरोपी डॉक्टर महिलाओं सहित परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार छात्र नेता और पांच वर्ष के घायल बच्चे को लेकर कप्तान के ऑफिस पहुंचे और पुलिस सहित मेडिकल प्राचार्य पर जूनियर डॉक्टरों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

### सोमदत्त विहार में धूमधाम से मना दशहरा पर्व

**मेरठ।** सोमदत्त विहार में प्रथम बार भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन रामेश्वर पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सांसद विजयपाल सिंह तोमर द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में गुजरातीपारंपरिक परिधान में बालक बालिकाओं द्वारा धूनी नृत्य गरबा नृत्य डांडिया नृत्य बॉलीवुड गानों पर नृत्य (सभी नृत्य में कॉलोनी के लोगों ने भी प्रतिभाग कर आनंद लिया। मेले में खाने-पीने के स्टाल भी लगाए गए। मेले में बच्चों के लिए निशुल्क निम्न व्यवस्था की गई जिसमें मिकी माउस झूला, पॉपकॉर्न, बुढ़िया के बपल कंडी, गुब्बारे रहे। सभी कॉलोनी वासियों ने परिवार सहित एकत्र होकर मेले का आनंद उठाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोमदत्त विहार एक्सटेंशन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सहयोग रहा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ईस शक्ति कुमार सिंह, विकास यादव, पीके तोमर, रोहतास सिंह, नरेंद्र सिंह, दीपक ठाकुर, संजीव सओल्दआ, गिरीश त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पांच नवंबर तक शुरू होगा मवाना शुगर मिल का पराई सत्र

**मवाना।** मवाना चीनी मिल नए पेराई सत्र शुरू करने की तैयारी पूरी हो गई है। मिलों के 161 गन्ना क्रय केंद्रों को लगाने का काम लगभग पूरा हो गया है। नवंबर प्रथम सप्ताह में शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। पराई सत्र समय से शुरू होने के चलते सैकडो हेक्टर गेहूं की फसल की बुवाई समय पर होने की संभावना जताई जा रही है। मवाना शुगर मिल का पेराई सत्र तीन से पांच नवंबर के बीच शुरू होने की संभावना है। सत्र शुरू करने के लिए मिल प्रबंधन में जुटा है।

# नाले की सफाई के बाद कूड़े से फैल रही गंदगी

**मेरठ,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल ने नगर आयुक्त को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि नई मोहनपुरी स्थित गजेंद्र सिंह धामा एडवोकेट के निवास स्थान के सामने आबू नाले से निकाल कर कूड़ा दशहरे के दिन दुकानों के सामने डाल दिया था। पर्व के मद्देनजर नगर निगम ने अभियान चलाकर पूरे शहर की गंदगी को साफ किया ताथा लेकिन नई मोहनपुरी में फैली गंदगी निगमकर्मियों की लापरवाही उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि कूड़े के ढेर से आस पास के क्षेत्र में दुर्गन्ध फैली हुई हैं जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। उन्होंने निगमकर्मियों पर यह भी आरोप लगाया कि जब भी यहां से कूड़ा उठाया जाता है तब तब यहां सुचारू रूप से सफाई नहीं होता, क्योंकि कूड़े को मशीनों द्वारा गाड़ी में भरकर ले जाया जाता है। मशीन से कूड़ा पूरी तरह साफ नहीं होता और निगमकर्मी अनदेखी कर खानापूर्ति कर निकल जाते हैं।



- यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ने की शिकायत
- नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग

# लखनऊ में ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा का मंचन आज से

- दो लाख वर्गफुट में बना चार मंजिला किला, नाट्य मंच
- 250 विशेषज्ञ एवं नामचीन कलाकार निभाएंगे भूमिका
- हाथी, घोड़े, ऊंट, पालकी सब की जीवंत प्रस्तुतियां होंगी

**लखनऊ,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में 26 से 31 अक्टूबर तक विश्व प्रसिद्ध, ऐतिहासिक, महानाट्य समारोह जाणता राजा का मंचन होगा। छह दिनों तक चलने वाले उपरोक्त महानाट्य समारोह का आयोजन सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्थान दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा किया जा रहा है। जाणता राजा महानाट्य समारोह 350 वर्ष पूर्व हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक रहे छत्रपति वीर शिवाजी महाराज के शौर्य, त्याग और पराक्रम की गौरव गाथा को जीवंतता से प्रस्तुत करता है। अब तक विश्व भर में इसको लगभग 1200 बार मंचित किया जा चुका है। राजधानी में इस नाट्य समारोह के महामंचन के लिए जनेश्वर मिश्र पार्क के 2 लाख वर्गफूट चिन्हित परिसर में एक चार मंजिला किले का निर्माण किया गया है। उपरोक्त मंच पर 250 विशेषज्ञ एवं नामचीन कलाकारों द्वारा नाट्य समारोह की प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 6 बजे से जीवंत की जाएंगी। नाट्य प्रस्तुति में हाथियों, घोड़ों, ऊंटों और पालकियों आदि का वास्तविक समावेश रहेगा। जिससे कि दर्शकों को मंचन की भव्यता, पौराणिकता और जीवंतता का ऐतिहासिक दृश्यबोध कराया जा सके। समारोह के आयोजन स्थल का भूमि पूजन विधि विधान पूर्वक विगत 8 अक्टूबर को किया जा चुका है।

भूमि पूजन समारोह में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष गौतम के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, भाजपा विधायक पंकज सिंह, एमएलसी पवन सिंह एवं मुकेश शर्मा, स्थानीय आयोजन समिति के प्रमुख राजेश दयाल एवं सेवापथ मीडिया के प्रमुख विशाल सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए थे।

# आई स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व

**मेरठ,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। फूलबाग कालोनी स्थित आई स्कूल में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल के बच्चे रामायण के विभिन्न पात्रों के वेशभूषा पहन कर आए थे। कोई भगवान श्रीराम तो कोई सीता बनकर आया था वहीं रावण हनुमान लक्ष्मण बनकर आए बच्चों ने सबका मन मोह लिया। प्रिंसिपल आकांक्षा गोयल ने सबसे पहले भगवान श्रीराम सीता माता व लक्ष्मण का तिलक कर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों के साथ आई उनकी माताओं ने डांडिया नृत्य कर बच्चों के संग खूब मस्ती की। प्रिंसिपल आकांक्षा गोयल ने बताया की उत्सव मनाने से बच्चों को अपनी संस्कृति अपने शास्त्रों के विषय में पता चलता है और आज के बच्चों में टैलेंट भी बहुत है। इसीलिए बच्चों को संस्कृति के बारे में बताने के लिए इस तरह के आयोजन प्रेरणास्त्रोत साबित होंगे।



# पंजाब नेशनल बैंक के एटीम में लगी आग, तीन मशीनें जलीं



- दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- नगदी को पूरी तरह सुरक्षित बचाया
- शाखा में पूरे दिन नहीं हुआ कार्य

**मेरठ,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र स्थित ईव्ज चौराहा के पास पीएनबी के एटीएम में आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर एक जमा करने की मशीन समेत तीन एटीम मशीन हैं। आग से तीनों मशीन पूरी तरह जल गई। इसी के चलते बैंक की सेवाएं बंद रहीं। बैंक के ग्राहक लेन–देन के लिए परेशान होकर वापस लौट गए। बुधवार की सुबह पीएनबी बैंक की सफाईकर्मी विद्या सफाई करने के लिए करीब 9 बजे पीएनबी की शाखा पहुंची। इसी दौरान उसने देखा कि शाटर के भीतर से धुंआ निकल रहा है। उसने तुरंत बैंक प्रबंधन को जानकारी दी। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में डिप्टी मैनेजर सत्यवीर सिंह व अन्य बैंक कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। बता दें कि शखा के एक हिस्सा में ही एटीएम मशीने लगी हुई हैं। मशीनें तो बुरी तरीके से जलकर राख हो गई लेकिन गनीमत से मशीनों में रखा कैश बच गया। डिप्टी मैनेजर सत्यवीर सिंह ने बताया कि एटीएम में रखा कैश सुरक्षित है।

## मंडला आयुक्त ने किया क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन



**मवाना,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में 67 वीं तीन दिवसीय मंडलीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडला आयुक्त सेल्वा कुमारी जे ने फीता काटकर किया।

तदोपरांत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलं कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार, क्रीड़ा सचिव डॉ.सुशील कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया के उपरांत गुब्बारे छोड़ें।



कोतवाली क्षेत्र के पुरानी तहसील स्थित एक हॉल में श्री रामलीला का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिस्मे रामलीला के पत्रों में संजय गोस्वामी, धर्मेंद्र, अनूप, ऋषभ, गोनी, अमन, आशीष, अंकुश, अंकुर, हर्ष, संदीप, नोनीभाई, आवाम क्षेत्र के छोटे छोटे बच्चे ने वानर–सेना, रावण–सेना बनकर मनोरंजन किया। श्री रामलीला का उदघाटन शिव कुमार ने किया। रावन–दहन के बुरे सबी पात्रो को सम्मनित किया गया।


फोटो देशबन्धु

**आयोजन** रुद्रा में ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

# साक्षात्कार के बाद सात छात्रों का चयन, खिले चेहरे

**मेरठ, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें इन्वेस्टर्स क्लीनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटिड की ओर से अतुल मंडलोई, सहायक निदेशक, पूजा दत्त सहायक प्रबंधक-एचआर एवं प्रिंस एक्जीक्यूटिव-एचआर उपस्थित हुए, जिनका स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या।**

डॉ.उर्मिला मोरल एवं निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से बुके देकर किया। तत्पश्चात इस जॉईट कैम्पस प्लेसमेंट का आरम्भ कंपनी के अधिकारियो ने प्रीप्लेसमैंट वार्ता से शुरू किया और इसी क्रम में अधिकारियों ने व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर 7 विद्यार्थियों को चयनित किया। इस ज्वाइंट कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के अलावा आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। कम्पनी के अधिकारियों ने इस ज्वाइंट कैम्पस प्लेसमेंट के आयोजन पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि इस ड्राइव द्वारा उन्ही विद्यार्थियों को अधिक पसन्द किया गया जो हर लिहाज से कम्पनी के लिए फिट हो, यानी ऐसे विद्यार्थी जो मल्टी–टास्कर होने के साथ–साथ तकनीकी एवं कम्युनिकेशन में भी माहिर हो। उन्होंने कहा कि हमें प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा और ज्ञान के चलते उन्हें अपने लिए भावी स्टाफ चुनने में काफी आसानी हुई।




- इन्वेस्टर्स क्लीनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटिड की टीम ने की शिरकत
- विद्यार्थियों की प्रतिभा व ज्ञान ने दिलाई सफलता

रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर संजीत कुमार ने कंपनी के अधिकारियों का धन्यवाद किया और चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है, कड़ी मेहनत करें और अपनी सोच को सकारात्मक रखते हुए भविष्य में आगे बढ़े, उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कार्य के प्रति सचेत रहने, अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया तथा उन्होंने असफल हुए विद्यार्थियों से अपील की कि असफल होने पर भी लक्ष्य की ओर बढ़ते कदम रुकने नहीं चाहिए।

# बार एसोसिएशन ने की हाईकोर्ट बेंच की मांग

**मवाना,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बार एसोसिएशन मवाना के बार हाल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें बार एसोसिएशन मवाना के अध्यक्ष वल्लभ एडवोकेट व सचिव महमपाल सिंह एडवोकेट, संयुक्त सचिव रघुकुल तिलक एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रूपचंद शर्मा एडवोकेट तथा सम्मानित अधिवक्तागण शमशुद्दीन अंसारी एड, जगपाल सिंह एड, सुनील कुमार भारती एड, राजन कुमार शर्मा एड. सम्मिलित रहे प्रेस वार्ता में केंद्रीय संघर्ष समिति हाई कोर्ट बेंच स्थापना के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की ब्रांच स्थापित करने हेतु तत्काल आदेश पारित किया जाए तथा अधिवक्ताओं को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल प्रभाव में लागू किया जाए। अधिवक्ताओं को राजस्थान सरकार की भांति पेंशन योजना लागू की जाए एवं कोरोना समय में अधिवक्ताओं की मृत्यु उपरान्त आश्रित परिवार को रुपए तत्काल दिलाए जाए और केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आगामी बैठक 28 अक्टूबर को जिलाबार एसोसिएशन, गाजियाबाद के सभागार में आहूत की जाएगी। जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट खंडपीठ स्थापनार्थ अधिवक्ताओं द्वारा पैदल मार्च हेतु विचार विमर्श किया जाएगा।



### इंडियन आइडल सीज़न 14 को मिले टॉप 15 कंटेस्टेंट्स!

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल सीज़न 14' को अपने टॉप 15 कंटेस्टेंट्स मिल गए हैं। सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल के ऑडिशन राउंड में कई कंटेस्टेंट्स ने अपने शानदार गायन कौशल से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अब, थिएटर राउंड में, शो को अपने टॉप 15 कंटेस्टेंट्स मिल गए हैं इंडियन आइडल को मैथिली शोम, सुभदीप दास चौधरी, अंजना पद्मनाभन, उत्कर्ष वानखेड़े, अनन्या पाल, दीपन मित्रा, महिमा भट्टाचार्जी, पीयूष पनवर, सुरेंद्र कुमार, वैभव गुप्ता, मुस्कान श्रीवास्तव, आद्या मिश्रा, गायत्री राजीव, ओबोम तांगू और मेनुका पौडेल के रूप में अपने टॉप 15 कंटेस्टेंट्स मिल गए हैं। श्रेया घोषाल, कुमार सानू और विशाल ददलानी सभी 15 कंटेस्टेंट्स को अपना मार्गदर्शन दे रहे हैं।

## सुष्मिता के साथ काम करना प्रेरणादायक : आरुषि



**मुंबई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्राइम थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 में अरुंधति सरीन (अरु) की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आरुषि बजाज ने सीरीज में सुष्मिता सेन के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। एक्ट्रेस विरति वघानी ने सीजन एक और दो में अरुंधति का किरदार निभाया था। अब आरुषि इस शो से अपना डेब्यू कर रही हैं, जिसमें सुष्मिता सेन आर्या सरीन का मुख्य किरदार निभा रही हैं। अरुंधति (अरु) आर्या (सुष्मिता) और तेज सरीन (चंद्रचूर सिंह) की दूसरी संतान हैं। सुष्मिता ने एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में एक उदाहरण स्थापित किया है जो सब कुछ कर सकती है और यह वास्तव में उसके आस-पास के सभी लोगों को प्रेरित करती है।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन में किया खुलासा

## बैठे रहने से होने वाली मृत्यु के जोखिम को कम कर सकता है व्यायाम



- साइकिल चलाने, रेजिस्टेंस ट्रेनिंग, बागवानी जैसी सिर्फ 20-25 मिनट की करें शारीरिक गतिविधि
- रोजाना 12 घंटे से अधिक काम करने वालों को मृत्यु के जोखिम कम

**लंदन,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्या आप काम पर लंबे समय तक बैठे रहने से होने वाली मृत्यु के जोखिम को कम करना चाहते हैं? एक शोध से पता चलता है कि इस जोखिम को साइकिल चलाने, रेजिस्टेंस ट्रेनिंग, बागवानी जैसी सिर्फ 20-25 मिनट की शारीरिक गतिविधि से कम किया जा सकता है।

ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में ऑनलाइन प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि शारीरिक गतिविधि की उच्च क्षमता कम जोखिम से जुड़ी हुई है, भले ही हर दिन बैठे रहने में कितना समय बिताया जाए। नॉर्वे में ट्रोम्सो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि अत्यधिक गतिहीन जीवनशैली मृत्यु के बढ़ते जोखिम से जुड़ी है।

कम से कम 50 वर्ष की आयु के लगभग 12,000 लोगों के अध्ययन से पता चला है कि आठ घंटे की दैनिक गणना की तुलना में दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक बैठे रहने से मृत्यु का खतरा 38 प्रतिशत बढ़ जाता है।

प्रतिदिन 22 मिनट से अधिक की मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी थी। जबकि, जोरदार शारीरिक गतिविधि मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी थी, गतिहीन जीवनशैली और मृत्यु के बीच संबंध को काफी हद तक शारीरिक गतिविधि से दूर किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, दिन में 10 मिनट की शारीरिक गतिविधि 10.5 से कम घंटे बिताने वालों में मृत्यु के 15 प्रतिशत कम जोखिम से जुड़े थी। वहीं, प्रतिदिन 10.5 घंटे से अधिक गतिहीन समय बिताने वालों में यह जोखिम 35 प्रतिशत कम था। वहीं शारीरिक गतिविधि में ज्यादा कैलोरी बर्न करने वाले लोग जो रोजाना 12 घंटे से अधिक काम करते हैं उनमें मृत्यु के जोखिम कम था।

शोधकर्ताओं ने कहा, यह एक अवलोकन अध्ययन है और इस प्रकार, कारण और प्रभाव स्थापित नहीं किया जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि कम शारीरिक गतिविधि भी मृत्यु दर के जोखिम को कम करने के लिए एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। वहीं अगर 22 मिनट से अधिक शारीरिक गतिविधि की जाए तो यह जोखिम समाप्त कर देती है। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के प्रयासों से व्यक्तियों के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं।

## विजयादशमी के अवसर पर 1,100 दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**कोलकाता,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोलकाता में विजयादशमी के अवसर पर 1,100 दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन किया गया। मंगलवार दोपहर से शुरू हुई विसर्जन प्रक्रिया रात तक जारी रही। राज्य पुलिस और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) अधिकारियों के रिकॉर्ड के अनुसार, मंगलवार को मुख्य रूप से आवासीय परिसरों और व्यक्तिगत आवासों के भीतर ही विसर्जन के लिए गए।

नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा कि कुछ अत्यंत रूढ़िवादी सामुदायिक पूजा आयोजकों का भी यही मानना है कि विजयादशमी विसर्जन के लिए सबसे उपयुक्त समय है। सामुदायिक दुर्गा पूजा समितियों द्वारा विसर्जन घाटों पर बुधवार से दबाव बढ़ जाएगा। 27 अक्टूबर को दबाव अपने चरम पर होगा, जब विसर्जन शहर में शीर्ष पूजाओं के कार्निवल के साथ होगा।

हर साल की तरह इस बार भी अधिकारियों ने गंगा जल को प्रदूषण मुक्त रखने की पहल की है। इसलिए जैसे ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है, क्रेन-मशीनों का उपयोग करके मूर्तियों को पानी से बाहर निकाल लिया जाता है। केएमसी के सदस्य (मेयर-इन-काउंसिल) और तृणमूल कांग्रेस विधायक देबाशीष कुमार के अनुसार, हर साल की तरह निगम अधिकारी गंगा जल को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष रूप से सावधान रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समस्या यह है कि मंगलवार को विसर्जन का प्रमुख समय निम्न-ज्वार की अवधि (लो टाइड पीरियड) के दौरान था। इसलिए हमारी क्रेन-टीम को मोटी मिट्टी में फंसी मूर्तियों को बाहर निकालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## सर्दियों में पर्यटकों की चाहत की गर्मी को भुनाने की तैयारी में जुटा है गुलमर्ग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में गुलमर्ग का प्रसिद्ध स्की रिसार्ट आगामी शीतकालीन पर्यटन सीजन के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। यह रिसार्ट इस बार की सर्दी में टूरिस्टों की चाहत की गर्मी को पूरी तरह से भुना लेना चाहता है। इस रिसार्ट में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना था कि उन्हें उम्मीद है कि इस सर्दी में पर्यटकों की भारी आमद होगी। पश्चिमी हिमालय में पीर पंजाल रेंज में स्थित, गुलमर्ग, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटक और स्कीइंग गंतव्य, जिला मुख्यालय, बारामुल्ला से लगभग 32 किलोमीटर और राजधानी शहर, श्रीनगर से 50 किलोमीटर दूर स्थित है। यह शीतकालीन खेल प्रेमियों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है और दुनिया भर के पर्यटकों को लुभाने के लिए बहुत कुछ प्रदान करता है।




यहां यह उल्लेखनीय है कि गुलमर्ग ने 10 फरवरी, 2023 को खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के भव्य तीसरे संस्करण की मेजबानी की थी। इस आयोजन में 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थागत टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1500 से अधिक एथलीटों ने 11 शीतकालीन खेल विषयों का प्रदर्शन किया था। इनमें स्कीइंग, कर्लिंग, बोबस्लेय, स्केलेटन, स्नोशू, नॉर्डिक स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्की पर्वतारोहण, आइस स्केटिंग, आइस हॉकी और बैंडी शामिल हैं।

इस बार की तैयारी के बाद की बैठक में पर्यटन सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह ने आगामी शीतकालीन पर्यटन सीजन के बारे में आशा व्यक्त की और पर्यटकों की भारी आमद की उम्मीद जताई। उन्होंने गुलमर्ग की विविध पर्यटन संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जो साहसिक पर्यटन, गोल्फ पर्यटन और यहां तक कि विवाह स्थल पर्यटन भी प्रदान करता है।

डॉ. आबिद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, केरन, गुरेज, टीटवाल, करनाह और कमान पोस्ट उरी जैसे स्थलों पर पर्यटकों की भारी आमद देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन गंतव्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयास चल रहे हैं।

पर्यटन सचिव ने कहा कि आगामी सर्दी के मौसम के लिए गुलमर्ग में तैयारियां जोरों पर हैं। वे कहते थे कि इनमें रूट क्लीयरेंस, स्कीइंग, स्नो मैनेजमेंट और केबल कार संचालन शामिल हैं। पर्यटन सचिव के बकौल किसी भी असुविधा को रोकने के लिए स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों पर्यटकों के लिए सुविधा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वे कहते थे कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि स्थानीय और गैर-स्थानीय पर्यटकों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला विकास आयुक्त बारामुल्ला डॉ. सैयद सेहरिश असगर ने भी पर्यटकों और आम जनता की सुविधा को आसान बनाने के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थानों की पहचान करने के लिए तंगमर्ग का देर रात दौरा किया। इस कदम का उद्देश्य प्रसिद्ध गंतव्य पर लगातार पार्किंग की समस्या का समाधान करना था।

## भरत मिलाप व राम के राज्यभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी द्वारा ग्रेनो साईट चार में गणेश वंदना से रामलीला प्रारम्भ हुई, रामलीला मंचन श्री राम लक्ष्मण को भेजकर लंका में विभीषण का राजतिलक करवाते हैं और हनुमान जी को अशोक वाटिका में सीता को लेने भेजते हैं और श्री राम लक्ष्मण से अग्नि का प्रबन्ध करने को कहते हैं कि सीता अग्नि परीक्षा के उपरांत ही मुझसे मिलेगी उनकी इस बात पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं तब श्री राम उन्हें समझाकर उन्हें शांत करते हैं और हनुमान जी सीता जी को लेकर आते हैं अग्नि परीक्षा के उपरांत पुष्पक विमान से राम लक्ष्मण सीता सुग्रीव हनुमान विभीषण सब अयोध्या के लिए चलते है मार्ग में ऋषि भारद्वाज का आशीर्वाद लेकर और मित्र गुह राज से मिलते हैं माता सीता गंगा जी की पूजा करती हैं। हनुमान जी नंदी ग्राम में पहुंचकर भरत को शुभ समाचात देते है कि श्री राम अयोध्या लौट रहे हैं यह सुनकर पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ पड़ती हैं और पुरवासी नाचते गाते खुशी मनाते हैं और भगवान श्री राम और भरत का मिलाप होता है और श्री राम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं तब गुरु वशिष्ठ उनके राजतिलक के लिये कहते हैं और अयोध्या में प्रभु श्री राम का राजतिलक होता हैं। इसी के साथ रामलीला मंचन का समापन होता है।

## ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट व्यवसायिक उत्पादन के लिए तैयार

**भुवनेश्वर,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के भुवनेश्वर में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) के एक संकाय द्वारा पेटेंट कराया गया एक ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट अब व्यवसायिक उत्पादन के लिए तैयार है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस), एसओए के दंत विज्ञान संकाय में ओरल पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉ. स्वागतिका पांडा, जिन्होंने अत्याधुनिक ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट विकसित की थी और इसका पेटेंट कराया था, ने इसे उत्पादन और विपणन के लिए मुंबई स्थित एक दवा कंपनी को स्थानांतरित कर दिया है। सहयोग को टीबीआई में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण अधिकारी डॉ. अमरेश पांडा द्वारा सुगम बनाया गया था। मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग किट, जिसने अत्यधिक ध्यान आकर्षित किया है, डीबीटी के तत्वावधान में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) द्वारा प्रदान किए गए जैव प्रौद्योगिकी इग्निशन ग्रांट (बीआईजी) के समर्थन से विकसित किया गया था। आईडीएस में ओरल सर्जरी विभाग, ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग और ओरल पैथोलॉजी विभाग में किए गए अवलोकन अध्ययनों के माध्यम से नवाचार की नैदानिक प्रभावशीलता का कठोरता से प्रदर्शन किया गया था। अध्ययनों ने शुरुआती पहचान और हस्तक्षेप में एक आदर्श बदलाव लाने की इसकी क्षमता की पुष्टि करके मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग में क्रांति लाने की तकनीक की क्षमता का मजबूत सबूत प्रदान किया है।

## 'दुर्भाग्यवश, पर्यावरणीय समस्याएं कोई अपवाद नहीं'

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 'स्वतंत्र' पर्यावरणविदों के दोहरे मानदंड या संयुक्त राज्य अमेरिका की समस्याओं पर रूसी छाया? जैसा कि हम सभी सबसे 'स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ' पश्चिमी मीडिया के माध्यम से जानते हैं कि, मानवता के प्रति सभी बुराइयों के लिए रूस दोषी है। वैश्विक आतंकवाद, भोजन की कमी, ऊर्जा समस्याएं और वित्तीय संकट इन सबके लिए रूस को दोषी ठहराया जाता है। दुनिया में जो भी बुरी चीजें होंगी, पश्चिम उसमें रूसी हाथ ढूढ़ता है। दुर्भाग्यवश, पर्यावरणीय समस्याएं कोई अपवाद नहीं हैं। यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी देशों के 'संरक्षणवादियों' में ग्रीनपीस और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ प्रमुख हैं, के अनुसार यह रूसी ही हैं जो गैस और तेल पाइपलाइनों को उड़ा देते हैं, वातावरण में ग्रीनहाउस गैस के माध्यम से दुर्लभ जानवरों को नष्ट करते हैं, अमेज़ॅन के जंगलों को काटकर अफ्रीकी रेगिस्तानों का व्यवस्थित रूप से विस्तार करते हैं। हालांकि, समय के साथ, यह स्पष्ट हो गया कि ग्रीनपीस और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके पिछलग्गुओं के हित में बनाए गए थे और उन्हीं के हित में कार्य करते हैं। एक सरल उदाहरण से इसे समझा जा सकता है- सखालिन के तट पर एक छोटे टैंकर 'नादेज़्दा' से कई टन ईंधन के रिसाव के बाद, पश्चिमी पर्यावरणविदों ने रूसी अधिकारियों पर सभी जीवित चीजों के नरसंहार के आरोप लगाए। यह आरोप इस तथ्य के बावजूद लगाए गए कि रूसी 'आपातकालीन स्थिति मंत्रालय' ने ईंधन रिसाव को तुरंत बंद कर दिया, और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए इस दुर्घटना के परिणाम न्यूनतम थे।



**98 क्यूबिक मीटर कच्चा तेल आज भी अलास्का की रेत व मिट्टी को करता है प्रदूषित**

वास्तविक आपदा इतिहास में सबसे बड़े तेल रिसाव की सूची में 54 वां स्थान प्राप्त एक्सॉन वाल्डेज़ सुपरटैंकर से 250 हजार टन से अधिक तेल के अलास्का तट पर रिसाव को इन संगठनों की रिपोर्टों में केवल एक उल्लेख किया गया था। 2010 में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया था कि टैंकर से निकला 98 क्यूबिक मीटर कच्चा तेल आज भी अलास्का की रेत और मिट्टी को प्रदूषित करता है। फिर भी, अभी भी ऐसे भोले-भाले लोग हैं जो ईमानदारी से मानते हैं कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, ग्रीनपीस और इन जैसे अन्य अंतरराष्ट्रीय 'गैर-लाभकारी' संगठनों के कर्मचारी हमारे ग्रह के उज्ज्वल कार्बन-मुक्त भविष्य के लिए ईमानदारी से लड़ रहे हैं और इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे पर्यावरणीय आपदाओं की ओर ले जाने वाली घटनाओं के लिए किसकी आलोचना करते हैं। खास तौर पर इन्हीं भोले-भाले लोगों के लिए हमारी आज की कहानी है। 10 फरवरी, 2023 को अलास्का मीडिया में एक छोटा सा नोट प्रकाशित हुआ कि जूनो के बंदरगाह में घाट पर टगबोट टैगिश डूब गई। 'डूबे हुए जहाज को उठाने और घटना के परिणामों को खत्म करने के लिए' विशेष सेवाओं ने तुरंत एक ऑपरेशन शुरू किया।

### 'स्वतंत्र पर्यावरणविदों' का कार्य अलग

वास्तव में, 'स्वतंत्र पर्यावरणविदों' का कार्य अलग है आर्कटिक क्षेत्रों के विकास को रोकना, उत्तरी समुद्री मार्ग पर नेविगेशन को प्रतिबंधित करना, तेल और गैस क्षेत्रों के विकास पर रोक लगाना और रूसी उत्तर की रक्षा के लिए रूसी संघ के रक्षा मंत्रालय की इकाइयों की तैनाती को जटिल बनाना।बेशक, एक विदेशी एजेंट के रूप में रूसी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ संरचना की मान्यता ने इसके काम को काफी जटिल बना दिया है। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि 'पर्यावरणविद्' सबकुछ तोड़ देंगे और यूरोप या संयुक्त राज्य अमेरिका में समस्याओं से निपटेंगे।




देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 3.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रा सिमको | 2.83 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.08 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| एलटी | 0.24 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.99 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.29 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.10 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.06 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.05 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## आरबीआई ने निजी बैंकों को बोर्ड में कम से कम दो पूर्णकालिक निदेशक रखने का निर्देश दिया

